उज्जैन
रविवार
11
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-338
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, तेज प्रेशर से निकली गैस से घबराए रहवासी

7 भारत-वेस्टइंडीज तीसरा टी-20 आज इंदौर में



मस्क को कंगना रनोट का जवाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने इलॉन मस्क और भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस में देरी पर चल रही बहस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अभिनेता और राज्यसभा सांसद कमल हासन के बयान का समर्थन किया। कंगना ने सोशल मीडिया एक्स पर हासन की टिप्पणी की तारीफ की। कमल हासन ने कहा था कि भारत किसी का गुलाम नहीं है। कोई अरबपति नहीं, जनता भारत की नीतियां तय करेगी। इस पर कंगना ने मस्क पर तंज कसा, ओह!! यह तो चुभ गया होगा। बहुत अच्छी बात कही और इसे अच्छी तरह समझाया। तीखा, सटीक और व्यंग्यात्मक। इलॉन मस्क ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं। मस्क ने एक्स पर लिखा कि स्टारलिंक को दुनिया के 165 से ज्यादा देशों में सेवा देने की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी पिछले पांच साल से भारत सरकार के हर कानून और जरूरी शर्त का पालन कर रही है। इसके बावजूद उसे भारत में लाइसेंस क्यों नहीं मिला है? क्या अंबानी देश के रियल बॉस हैं? मस्क के सवाल पर कमल हासन ने जवाब देते हुए एक्स पर लिखा, मिस्टर मस्क, यह बात तय है कि कोई भी अरबपति किसी देश की नीति तय नहीं कर सकता चाहे वह भारतीय हो या अमेरिकी। हम एक लोकतांत्रिक देश हैं।

देश

- **टीएमसी विधायक** बिभास सरदार पर हमला, कार के शीशे तोड़े, बीजेपी पर आरोप, 5 महीने में 26 से ज्यादा टीएमसी नेताओं पर हमले
- **उत्तर काशी** में भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.2 आंकी गई
- **दिल्ली** की अदालत ने शरजील इमाम की अंतरिम जमानत रद्द की, भाई के इंटरव्यू के दौरान मौजूद थे, शर्त का उल्लंघन किया
- **पूर्व आप पार्षद** ताहिर हुसैन दंगे के लिए उकसाने के दोषी, 2020 के दिल्ली दंगे का मामला
- **बारामूला** के जंगल में हथियारों का जखीरा बरामद, नीले ड्रम में छिपाकर रखे थे एके-47, पिस्तौल, ग्रेनेड, आईईडी और विस्फोटक
- **रील बनाने** के चक्कर में ओडिशा में 2 मौतें, बौध में ट्रेन से टकराया लड़का, पुरी में सांप पकड़ने वाले को कोबरा ने कई बार डसा

विदेश

- **हूती विद्रोही** सऊदी अरब को यमन में कैसे फंसा गए, यूएई ने गलत फैसलों की वजह से साथ छोड़ा, ट्रम्प ने भी मदद नहीं की
- **होर्मुज** में तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरायाः जहाज में ब्लास्ट के बाद आग लगी, 10 दिन में अब तक 13 घटनाएं
- **पनामा** में 7.6 तीव्रता का भूकंप, 400 इमारतों को नुकसान, 18 घंटे में 100 और झटके आए, 9 देशों में सुनामी की चेतावनी जारी
- **सोनम वांगचुक** का सरकार को अल्टीमेटम, 24 घंटे में प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया तो अनशन करूंगा

व्यापार

- **एआई** चश्मे से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे, हेल्थ एटीएम 80 से ज्यादा जांच करेगा
- **रुपए** की गिरावट रोकने के लिए आरबीआई का प्लानः सरकारी तेल कंपनियों के लिए स्पेशल डॉलर विंडो खोली

कार्टून..



बलराम कृषि महोत्सव' का हालः मंच पर नेताजी, पंडाल में कुर्सियां खाली!

किसानों को 'पकड़-पकड़' कर बैठाने लगे अधिकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

मध्य प्रदेश में सरकार भले ही 'कृषक कल्याण वर्ष-2026' और 'बलराम कृषि महोत्सव' के जरिए किसानों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन शाजापुर कृषि उपज मंडी में हुआ नजारा कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है। यहां महोत्सव के नाम पर मंच पर तो बड़े-बड़े नेता और दिग्गजों का जमावड़ा दिखा, लेकिन पंडाल में किसानों की जगह खाली कुर्सियां ही तालियां बजाती नजर आईं!

मंच पर दिग्गज, पंडाल में सन्नाटा- कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उनके साथ स्थानीय विधायक अरुण भीमावत, जिला अध्यक्ष रवि पांडे और पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा जैसे कई दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। तामझाम और वीआईपी मौजूदगी पूरी थी, लेकिन जब बात किसानों की भीड़ जुटाने की आई, तो सारे प्रशासनिक दावे फुस्स साबित हुए। हाल यह था कि पंडाल की आधे से ज्यादा कुर्सियां खाली पड़ी थीं और सन्नाटा पसरा हुआ था।



अधिकारियों को करनी पड़ी खासी मशक्कत

खाली कुर्सियों को देख कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कृषि विभाग के कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए। फिर क्या था, अपनी नौकरी और रिपोर्ट बचाने के लिए साहब लोग खुद मैदान में उतर गए। अधिकारी इधर-उधर मंडराते दिखे और आने-जाने वाले किसानों को हाथ जोड़कर, समझा-बुझाकर और लगभग 'पकड़-पकड़' कर कुर्सियों पर बैठाते नजर आए।

सरकारी आयोजनों की खुल गई पोल

इस चटपटे और दिलचस्प नजारे ने एक बार फिर सरकारी आयोजनों की असलियत सामने ला दी है। करोड़ों खर्च करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के दावे करने के बावजूद जब अन्नदाता ही स्वंम अपने आप तरीके से नहीं पहुंचे, तो महकमे की किरकिरी होना लाजिमी था। कुल मिलाकर कहें तो, मंच से किसानों के हक में भाषण तो खूब हुए, लेकिन कुर्सियों को भरने के लिए अधिकारियों को जमकर पसीना बहाना पड़ा।

इंदौर में न्यूज पिंच के जेन जेड पिंक शो की उपस्थिति पर उठे सवाल


आधी से ज्यादा कुर्सियां खाली रहने के दावे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अंतिम समय में शामिल नहीं होने की भी चर्चा, आयोजक अभिनव पांडे को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में शनिवार दोपहर आयोजित न्यूज पिंच के जेन जेड पिंक शो को लेकर अब चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कार्यक्रम की उपस्थिति, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इसमें शामिल नहीं होने और आयोजन में सरकार की कथित भागीदारी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी आयोजन और इसके आयोजक अभिनव पांडे को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने की बात कही जा रही है।

कार्यक्रम को लेकर किए जा रहे दावों के अनुसार, आयोजन स्थल पर आधे से अधिक कुर्सियां खाली थीं। इस दावे के सामने आने के बाद कार्यक्रम में दर्शकों की वास्तविक संख्या और आयोजन के प्रति लोगों की रुचि को लेकर चर्चा शुरू हुई। हालांकि, कार्यक्रम में कुल कितने लोगों ने भाग लिया, हॉल की क्षमता कितनी थी और आयोजन के दौरान अलग-अलग समय पर कितनी उपस्थिति रही, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।



सोशल मीडिया पर आयोजक को लेकर प्रतिक्रियाएं

कार्यक्रम के बाद आयोजक अभिनव पांडे को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना और ट्रोलिंग किए जाने के दावे भी सामने आए हैं। हालांकि, इन प्रतिक्रियाओं की व्यापकता और उनके पीछे के कारणों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर होने वाली आलोचना अपने आप में किसी आयोजन की वास्तविक सफलता या विफलता का अंतिम पैमाना नहीं मानी जा सकती। फिलहाल जेन जेड पिंक शो को लेकर उठे सवालों के बीच कार्यक्रम की वास्तविक उपस्थिति, मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति का कारण और सरकार की कथित भागीदारी जैसे बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। आयोजकों और संबंधित सरकारी पक्ष का आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आने के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

मुख्यमंत्री के शामिल नहीं होने पर भी चर्चा

कार्यक्रम को लेकर दूसरी प्रमुख चर्चा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कथित अनुपस्थिति को लेकर है। दावों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के अंतिम समय में कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की बात सामने आई। हालांकि, उनके कार्यक्रम में नहीं पहुंचने का आधिकारिक कारण स्पष्ट नहीं है। ऐसे में इसे आयोजन की सफलता या विफलता से जोड़कर देखना फिलहाल जल्दबाजी होगी।

सरकारी भागीदारी को लेकर सवाल

आयोजन में सरकार की भूमिका को लेकर भी कुछ लोगों ने सवाल उठाए हैं। चर्चा इस बात पर केंद्रित है कि कार्यक्रम के आयोजन में सरकारी स्तर पर किस तरह का सहयोग मिला था और उसकी प्रकृति क्या थी। हालांकि, सरकारी सहयोग, वित्तीय सहायता या अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित आरोपों की पुष्टि करने वाले दस्तावेज अथवा आधिकारिक बयान सामने नहीं आए हैं। इसलिए इस पहलू पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले संबंधित पक्षों का पक्ष जानना जरूरी है।

मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिजीत, सौरव और आशुतोष को रिहा किया

कॉकरोच पार्टी का आज फिर प्रदर्शन का ऐलान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के तीनों टॉप लीडर अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने रिहा करने का आदेश दिया है। दिल्ली पुलिस ने दीपके सहित तीनों लीडर को 10 अक्टूबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर प्लेन से हिरासत में लिया गया था।

वहीं, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उखढ ने रविवार को लगातार दूसरे दिन जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। शनिवार को हजारों समर्थकों को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया था। करीब 7000 लोगों को हिरासत में भी लिया गया।

दूसरी तरफ, दिल्ली में कल 250 ट्रेनें रद्द करने और 45 मेट्रो स्टेशन बंद रखने के मामले में सुप्रीम कोर्ट आज छुट्टी के दिन सुनवाई करेगा। गृह सचिव, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और डीएमआरसी चेयरपर्सन के खिलाफ कोर्ट के आदेश की अनदेखी पर अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है। कोर्ट ने शुक्रवार को मेट्रो-ट्रेन सेवाएं पूरी तरह बंद नहीं करने का निर्देश दिया था।

परिवार ने दीपके के आने तक उनकी दादी का अंतिम संस्कार रोका

महाराष्ट्र के हिंगोली में अभिजीत दीपके की मां अनीता ने कहा कि परिवार का बेटे से संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। परिवार ने अभिजीत के आने तक उनकी दादी अंतिम संस्कार रोक रखा है। दीपके की 85 वर्षीय दादी सावित्रीबाई शंकरराव दीपके का शनिवार सुबह 11:30 बजे निधन हो गया था। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि अभिजीत को निधन की जानकारी दे दी गई है और घर जाने का फैसला उन्हें करना है।



अजिंक्य शिंदे बोले- मुंबई में शाम 4 बजे जुटेंगे प्रदर्शनकारी

सीजेपी लीडर अजिंक्य शिंदे ने एक्स पर कहा कि दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हजारों लोगों को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ मुंबई में आज शाम 4 बजे शिवाजी पार्क के टी-जंक्शन पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन होगा। शिंदे ने कहा- मोदी और शाह की सरकार देश को तानाशाही की ओर ले जा रही है। नेताओं को हिरासत में लेकर लोकतंत्र पर कार्रवाई करना सरकार की बड़ी गलती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए।

पीएम मोदी का चेन्नई दौरा, ट्रेन में सफर करेंगे

मेट्रो के फेज-2 रूट का उद्घाटन

पूरे शहर में ड्रोन उड़ाने पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

पीएम मोदी आज चेन्नई दौरे पर रहेंगे। वे चेन्नई मेट्रो के फेज-2 प्रोजेक्ट के 14.6 किमी लंबे पूनमल्ली-वडापालानी रूट का उद्घाटन करेंगे। मोदी इस रूट पर पूनमल्ली से पोरुर तक ट्रेन में सफर भी करेंगे। दौरे से पहले कई इलाकों में ड्रोन उड़ाने पर रोक लगा दी गई है।

ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने मीनंबक्कम, गिंडी, कोट्टूरपुरम, पोरूर और नंदंबक्कम के आसपास के इलाकों को रेड जोन घोषित किया है। 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद ये पीएम मोदी का पहला चेन्नई दौरा है।

पीएम मोदी ब्रिटिश दौर के बहाल वेल्लोर कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशन का वर्चुअली उद्घाटन भी करेंगे। यह स्टेशन वेल्लोर शहर में 16वीं सदी के किले के पास स्थित है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मोदी चेन्नई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। चेन्नई में वे राज्य में दक्षिण रेलवे के पूरे हो चुके कई कामों का उद्घाटन करने वाले हैं। वेल्लोर कैंटोनमेंट स्टेशन तिरुवन्नामलाई और तिरुपति जैसे दो तीर्थस्थलों के बीच स्थित है। अधिकारियों के मुताबिक, बहाली के बाद लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

लोकतंत्र खत्म करने वालों से न डरें: राहुल गांधी

चेन्नई में छात्रों की गूंज में कहा- वोट चोरी हो रहा, दक्षिण के 7.5 करोड़ युवाओं पर फोकस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

राहुल गांधी ने चेन्नई में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में कहा- लोकतंत्र खत्म करने वालों से डरने की जरूरत नहीं हैं। आइलैंड ग्राउंड्स में 30 मिनट के कार्यक्रम में राहुल ने कहा- सवाल पूछना हर स्टूडेंट की जिम्मेदारी है। सरकार तमिलनाडु पर हिंदी थोप रही है। तमिल कल्चर, भाषा इतिहास पर हमला किया जा रहा है। आपका वोट चोरी किया जा रहा है।

राहुल कोटा, देहरादून, प्रयागराज, पुणे और इंदौर में युवाओं और छात्रों से इस कार्यक्रम में बात कर चुके हैं। यह कार्यक्रम पहली बार दक्षिण भारत में हो रहा है।

राहुल गांधी ने अपने भाषण कहा, पीएम इंटरनेशनल दबाव में हैं। अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। देश का मूड जनता जान गई है। पूरी दिल्ली बंद है। पुलिस बच्चों को मार रही है, इंटरनेट बंद है। भाजपा के गुंडे सड़क पर घूम रहे, बच्चों को पीट रहे हैं। तमिल कल्चर, भाषा और इतिहास पर हमला किया जा रहा है। तमिलनाडु पर हिंदी थोपी जा रही है। सरकार के लिए तमिल कल्चर और इतिहास सेकेंड्री है। पेरियार महान इंसान थे, क्योंकि वे सवाल करते थे। पेरियार ने स्टूडेंट को सिखाया कि बिना समझे किसी भी विचार को फॉलो न करें। सेंट्रलाइजेशन, 87% एमबीबीएस तमिल सीट कम की जा रही हैं। 70% यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर नहीं है, उसको फर के गर्वनर चला रहे हैं।

यूथ इन इंडिया 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारत के 5 राज्यों यानी आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरलम, तमिलनाडु और तेलंगाना में 15 से 29 साल की उम्र के करीब 7.5 करोड़ युवा हैं। इन्हीं पर राहुल का फोकस रहेगा। राहुल इस अभियान में शिक्षा, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और युवाओं पर बढ़ते दबाव जैसे मुद्दे उठा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले पांच कार्यक्रमों में करीब 1.54 लाख लोग शामिल हुए थे। राहुल ने कहा- पीएम मोदी कंप्रोमाइज्ड है, चाहे वो फाइनेंशियल फोर्सेज के जरिए हों या इंटरनेशनल दबाव में। वे लोग मोदी को कंट्रोल कर रहे हैं। मोदी अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं।

मणिपुर के कामजोंग और उखरुल जिलों में हथियारबंद गुटों के बीच झड़पों में 24 घंटे के दौरान

हिंसा में 10 की मौत, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन, 14 घर जलाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मणिपुर

मणिपुर के कामजोंग और उखरुल जिलों में हथियारबंद गुटों के बीच झड़पों में 24 घंटे के दौरान एक महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 6 नगा, 3 कुकी और एक नेपाली शामिल हैं। उपद्रवियों ने चसाड थाने में भी आग लगाने की कोशिश की। कुकी और नगा समुदायों के 14 घर जला दिए गए।

पुलिस के मुताबिक, चसाड थाने के पास अवैध बंकरों के निर्माण की सूचना पर अभियान चलाया गया था। महिलाओं ने निर्माण रोकने की कोशिश की, जिसके बाद अज्ञात हमलावरों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी की। इसमें 42 साल की एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद आगजनी और गोलीबारी हुई।

फरवरी से 10 अक्टूबर तक की प्रमुख घटनाएं

7-11 फरवरी: उखरुल मामूली झगड़े से हिंसा फैली- उखरुल जिले के लितान इलाके में 7 फरवरी की रात दो तांगखुल नगा और दो कुकी युवकों के बीच झगड़ा हुआ। अगले दिन एक कुकी परिवार के खाली घर में आग लगाई गई। आरोपियों को सौंपने की मांग के बाद तनाव बढ़ा, पत्थरबाजी और गोलीबारी हुई। कई घर जला दिए गए और प्रशासन ने कर्फ्यू तथा इंटरनेट प्रतिबंध जैसे कदम उठाए।

24-25 अप्रैल: गोलीबारी में तीन लोगों की मौत- उखरुल के सिनाकीथेल और मुल्लम गांवों के पास दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में कम से कम तीन लोगों की मौत की खबर आई। इनमें तांगखुल नगा समुदाय का एक व्यक्ति भी शामिल था। इससे दोनों समुदायों के बीच तनाव और बढ़ा।

7-8 मई: उखरुल और कामजोंग के गांवों पर हमले और आगजनी- उखरुल और कामजोंग जिलों में गोलीबारी तथा आगजनी की कई घटनाएं हुईं। कम से कम छह लोगों के घायल होने की खबर आई। भारत-म्यांमार सीमा के पास तांगखुल नगा समुदाय के तीन गांवों में 15 तक घरों पर हमले और आगजनी की सूचना मिली।

अगस्त के आखिर में: 7 लोगों की मौत- ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, अगस्त के आखिरी दिनों में नगा और कुकी-जो समुदायों के बीच हिंसा में कम से कम सात लोग मारे गए। फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में सितंबर की शुरूआत तक मरने वालों की कुल संख्या 34 बताई गई।

सितंबर: हिंसा का दायरा बढ़ा- सितंबर के अंत तक रिपोर्टों में नगा-कुकी संघर्ष में 50 से अधिक मौतों का उल्लेख किया गया। हिंसा की वजह से दोनों समुदायों के बीच बदले की कार्रवाई का सिलसिला और सुरक्षा व्यवस्था की चुनौती बढ़ी।

फरवरी में मणिपुर में दोबारा शुरू हुई हिंसा की घटनाओं से लेकर अब तक करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा की घटनाएं उखरुल, कामजोंग, कांगपोकपी, तामेंगलोंग और नोनी के साथ-साथ सेनापति के कुछ हिस्सों में हुई है।

म्यांमार बॉर्डर की तरफ भागे हमलावर

एक अलग घटना में कामजोंग में म्यांमार सीमा के पास स्थित तांगखुल नगा बस्ती 'निंगचो' गांव में संदिग्ध उग्रवादी घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी। गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान 35 साल के नगाचांसो निंगशेन और 48 साल के लेशिशान लेशडांग के तौर पर हुई है। घटना के बाद सुरक्षा बल गांव पहुंचे और हालात को काबू में किया। ग्रामीणों का दावा है कि गोलीबारी के बाद हमलावर म्यांमार की तरफ भाग गए। ज़िला प्रशासन ने और हिंसा को रोकने के लिए चसाड पुलिस गेट जंक्शन के 400 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 162 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी।

महाकाल श्रृंगार



त्रिशूल-त्रिपुंड, रजत मुकुट और मुण्डमाल से किया श्रृंगार

अपनेतक

पानी में बह गया पैसा, किसानों के बिना कृषि महोत्सव!

किसानों के नाम पर आयोजन, मंच पर नेताओं की मौजूदगी और सरकारी खर्च का इंतजाम, लेकिन जिन किसानों के लिए पूरा कार्यक्रम आयोजित किया गया, वही नदारद! शाजापुर के बलराम कृषि महोत्सव में खाली कुर्सियों ने सरकारी दावों की हकीकत सामने रख दी। किसानों की भीड़ जुटाने के प्रशासनिक दावे पंडाल में दम तोड़ते नजर आए। हालात ऐसे बने कि अधिकारियों और कृषि विभाग के कर्मचारियों को आने-जाने वाले किसानों को समझाकर कुर्सियों पर बैठाना पड़ा।

सवाल यह है कि जब किसानों की भागीदारी ही सुनिश्चित नहीं हो सकी, तो आयोजन की सफलता किस आधार पर मानी जाएगी? मंच पर बड़े नेताओं की मौजूदगी और सरकारी कार्यक्रम की औपचारिकता निभा देना ही क्या कृषि महोत्सव की उपलब्धि है? किसानों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने, उनकी समस्याएं सुनने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से होने वाले आयोजनों में यदि किसान ही नहीं पहुंच रहे, तो कहीं न कहीं योजना और क्रियान्वयन के बीच बड़ी खाई है।

सरकारी धन खर्च करके पंडाल सजाना, कुर्सियां लगाना और मंच तैयार करना आसान है, लेकिन किसानों का विश्वास जीतना और उन्हें कार्यक्रम से जोड़ना असली चुनौती है। खाली कुर्सियां केवल कम उपस्थिति का संकेत नहीं, बल्कि आयोजन की तैयारी, प्रचार-प्रसार और उपयोगिता पर भी सवाल हैं। आखिर इस महोत्सव पर कितना पैसा खर्च हुआ, कितने किसानों को आमंत्रित किया गया और कितने किसान वास्तव में पहुंचे? इन सवालों के जवाब सामने आने चाहिए। किसानों के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में किसान ही न हों, तो सरकारी खर्च का हिसाब कौन देगा?

विलुप्त हो रहे संजा पर्व को सहेजने की पहल तेज

उज्जैन। मालवा के विलुप्त हो रहे संजा पर्व को सहेजने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ने लगी है। इसी कड़ी में लगातार चार वर्षों से 16 दिवसीय संजा पर्व मना रहे खंडेलवाल समाज की पहल को प्रोत्साहित करते हुए प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था ने समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों का सम्मान किया। खंडेलवाल समाज की धर्मशाला में यह समारोह आयोजित हुआ। प्रतिकल्पा संस्था की लोक कला प्रभारी रुचि खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल समाज ने चार वर्ष पूर्व यह नई पहल आरंभ की है। इसमें सभी समाजजन एक स्थान पर एकत्रित होकर 16 दिनों तक गोबर से संजा की विभिन्न आकृतियां बनाते हैं, गीत गाते हैं और भोग लगाते हैं। सम्मान समारोह के दौरान भी मातृ शक्तियों ने संजा के गीत गाए और संजा माता को छप्पन पकवानों का भोग अर्पित किया।

इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में संस्था की मानसेवी निदेशक डॉ. पल्लवी किशन, संस्थापक सचिव कुमार किशन, मार्गदर्शक शीला व्यास, शांतनु भागचंदानी और रिद्धिमा खंडेलवाल ने खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, संजा प्रभारी लोकेशबिंदु तथा संजा कलाकृति संयोजक कला राजौरिया, ऊषा गोलिया व किरण जघिनिया का सम्मान किया।

सिंहस्थ-2028 की सड़कों और निर्माण कार्यों पर उमंग सिंघार बोले-

जमीनों के दाम बढ़ाने के लिए बन रही सड़कें, मुख्यमंत्री पर लगाए आरोप

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और मकान तोड़े जाने पर जताई आपत्ति जताते कहा समय आने पर जांच कराकर दोषियों को जेल भेजेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शनिवार शाम उज्जैन पहुंचे। कोठी रोड स्थित तरणताल चौराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए सिंघार ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में हो रहे सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि सिंहस्थ की तैयारियों के नाम पर बनाई जा रही सड़कों का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुविधा से अधिक जमीनों की कीमत बढ़ाना है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और लोगों के मकान तोड़े जाने के मुद्दे को भी उठाया।

उमंग सिंघार ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन में बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। सरकार इन कार्यों को सिंहस्थ की तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधा से जोड़ रही है, लेकिन इनकी वास्तविक जरूरत, उद्देश्य और लाभ को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ सड़कों का निर्माण जमीनों के दाम बढ़ाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है।



निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल

नेता प्रतिपक्ष ने सिंहस्थ के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए घटिया निर्माण होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के नाम पर यदि जनता के धन का उपयोग किया जा रहा है, तो निर्माण की गुणवत्ता और खर्च की पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में देशभर से करोड़ों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए सड़क, यातायात और अन्य बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना जरूरी है। ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों की जांच और कार्यों की नियमित निगरानी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सिंघार ने सरकार से अपेक्षा जताई कि निर्माण कार्यों में श्रद्धालुओं की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए।

सिंघार के इस बयान ने सिंहस्थ की तैयारियों के बीच सड़क निर्माण, भूमि के मूल्य और विकास कार्यों के लाभार्थियों को लेकर राजनीतिक बहस को नया मुद्दा दिया है। हालांकि, जमीनों की कीमत बढ़ाने के उद्देश्य से सड़कें बनाए जाने के आरोपों के समर्थन में उन्होंने मीडिया चर्चा के दौरान कौन-से विशिष्ट दस्तावेज या उदाहरण प्रस्तुत किए, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है।

मकान तोड़े जाने का मुद्दा भी उठाया

सिंघार ने निर्माण कार्यों के दौरान लोगों के मकान तोड़े जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने इस मुद्दे को आम लोगों के हितों से जोड़ते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। सड़क चौड़ीकरण और सिंहस्थ से जुड़ी परियोजनाओं के लिए प्रभावित होने वाले परिवारों के पुनर्वास, मुआवजे और कार्रवाई की पारदर्शिता जैसे मुद्दे भी इस बहस के केंद्र में हैं।

बोले- समय आने पर कराएंगे जांच

उमंग सिंघार ने चेतावनी दी कि समय आने पर निर्माण कार्यों की जांच कराई जाएगी और गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों को जेल भेजा जाएगा। उनके इस बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति अपना रही है।

करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा पर ध्यान देने की बात

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सिंहस्थ उज्जैन का बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्थाएं करनी चाहिए, जिनसे श्रद्धालुओं को आवागमन और अन्य सुविधाओं में परेशानी न हो। उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता रखने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उमंग सिंघार के आरोपों ने विकास कार्यों की उपयोगिता, निर्माण की गुणवत्ता और आम नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर राजनीतिक बहस तेज करने का संकेत दिया है।

तीर्थयात्रियों से मोटी भेंट लेकर शिप्रा आरती करवाई जाती

नियम ताक पर...सूर्यास्त के बाद शिप्रा की आरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धर्म की एक परंपरा होती है और धर्मिक परंपराओं का संवाहक ब्राह्मण को माना गया है किन्तु पुण्यसलिला शिप्रा के तट पर ब्राह्मण ही सनातनी मान्य परंपराओं को तिलांजलि देते नजर आते हैं। सनातन परंपराओं मे नदी, सरोवर ,वृक्ष आदि की पूजन व आरती सूर्यास्त के बाद निषेध है और एक सामान्य सनातनी भी इस नियम का पालन करता है। हैरत तो तब होती है जब शिप्रा के प्रमुख घाट यानी रामघाट पर सूरज के अस्त होने के बाद भी पंडित , यजमानों से शिप्रा की आरती कराते हैं। पुरातन मान्यताओं को धता बताते हुए धर्मनगरी में आस्था को चोट पहुंचाते ये दृश्य प्रतिदिन देखे जा सकते हैं।

आश्चर्य का विषय तो ये है कि धर्मधानी में पंडे पुजारी आए दिन धार्मिक परंपराओं को अपने हितार्थ तो उद्धृत करते हैं पर स्वयं उसके प्रति कितने इमानदार हैं इसका प्रमाण है शिप्रा का रामघाट जहां रात सात बजे तक तीर्थयात्रियों से मोटी भेंट लेकर शिप्रा आरती करवाई जाती है। सूर्यास्त के बाद शिप्रातट आए तीर्थ यात्रियों से पूछा जाता है कि आप आरती करना चाहो तो सौ रूपए में कर सकते हो।



मोबाइल युग मे यात्री शिप्रा की आरती करते फोटो का मोहसंवरण नहीं कर पाते हैं और तैयार हो जाते हैं। सूरज के अस्त हो जाने के बाद शिप्रा की आरती को जब



सुधी व समझदार सनातनी देखता है तो उसकी आस्था आहत होती है साथ ही पुरातन सप्तपुरियों मे शुमार उज्जयिनी की गरिमा भी धूमिल होती है।

गरबा महोत्सव में बबीता जी और अनुपमा करेंगी शिरकत

11 से 19 अक्टूबर तक होटल पार्क पैलेस में होगा एक्सक्लूसिव आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सकल सिंधी समाज के तत्वावधान में 11 से 19 अक्टूबर 2026 तक इंदौर रोड स्थित होटल पार्क पैलेस में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। तारक मेहता की बबीता जी और अनुपमा सहित बॉलीवुड और टॉलीवुड की कई चर्चित अभिनेत्रियां इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होंगी।

ललित लुल्ला और लोकेश आडवाणी के अनुसार यह आयोजन विशेष रूप से सकल सिंधी समाज के लिए रखा गया है जिसमें प्रवेश केवल पास के माध्यम से ही दिया जाएगा मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन रात 8 बजे माता की आरती होगी और इसके उपरांत रात 10.30 बजे तक गरबा आराधना चलेगी। उत्सव में 16 अक्टूबर को तारक मेहता की बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता, 17 को द केरल स्टोरी की चर्चित अभिनेत्री अदा शर्मा, 18 को अनुपमा यानी रूपाली गांगुली और 19 अक्टूबर को अंजलि भाभी यानी नेहा मेहता शिरकत करेंगी। इनके अलावा अभिनेत्री सोनी पाठक, मॉडल यामिनी ठाकुर, अभिनेत्री नेहा कपूर और इन्फ्लुएंसर रितिका मेहरा भी मातृभक्ति के इस उत्सव में शामिल होंगी।

विभिन्न विधाओं में गरबा और हजारों के नकद पुरस्कार

संस्था संरक्षक नारायण यादव और महेश परयानी के मार्गदर्शन में महिलाएं, युवतियां और बालिकाएं गुजराती, काठियावाड़ी, मारवाड़ी, सिंधी और मालवी विधाओं में पारंपरिक गरबा प्रस्तुत करेंगी। महोत्सव के समापन पर सनातन परंपराओं का पालन करते हुए कन्या पूजन और मातृशक्तियों का सम्मान किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ फ्रीस्टाइल गरबा आराधिका और तीन सर्वश्रेष्ठ दलों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11101 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7101 रुपए और तृतीय पुरस्कार स्वरूप 5101 रुपए नकद दिए जाएंगे।

सकल सिंधी समाज के गरबा संयोजक अजय रोहरा, गोपाल बलवानी, जितेंद्र कृपलानी, वेद आडवाणी, धर्मेंद्र खूबचंदानी, दीपक बेलानी, दौलत खेमचंदानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी, सहसंयोजक कपिल बाशानी, विक्की भीमवानी, हरीश टेकवानी, नितिन वासवानी और किशोर चंदनानी ने समाजजनों से पारंपरिक उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

शनिश्चरी अमावस्या पर त्रिवेणी पर आस्था का फुहार - स्नान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्राद्ध पक्ष की अमावस्या यानी सर्वपितृ अमावस्या पर आज श्रद्धालुओं की भारी भीड नवग्रह शनि मंदिर त्रिवेणी पर रही। सूर्योदय पूर्व से ही श्रद्धालु त्रिवेणी घाट पर जुटे थे और सभी की ललक मां शिप्रा के पावन जल में स्नान की थी। अपने पूर्वजों के प्रति इस विशेष अमावस्या पर दान एवं दीप प्रज्जवलित करने मे कोई भी श्रद्धालु पीछे नहीं रहना चाह रहा था।

नवग्रह मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ नजर आया। कुछ लोग स्नान के बाद पंडितों के सान्निध्य में पिण्डदान व तर्पण भी कर रहे थे। महिलाएं स्नान के बाद दीप दान करती नजर आईं। मान्यता है कि दीपदान करने से पितरों को विदाई के समय रास्ते मे अंधकार नहीं मिलता व उनका मार्ग प्रकाश से



आलोकित होता है। लोग शनिदेव पर तेल अर्पित करते रहे और उनके आशीष व कृपा की कामना करते रहे। शनिश्चरी सर्वपितृ अमावस्या होने से लोग अपने जूते चप्पल भी घाट पर छोडकर जाते देखे गए। पौराणिक मान्यता है कि सभी प्रकार के रोग शोक इन पादुकाओ के साथ



ही छूट जाते हैं और आगे का समय अच्छे से गुजरता है। फव्वारों मे स्नान करने से घाट पर सुरक्षित स्नान संभव हो सका।

शोध से समाज और मानवता को नई दिशा मिलना जरूरी

उज्जैन। शोध की सार्थकता केवल नए निष्कर्ष खोजने में नहीं, बल्कि उनके माध्यम से ज्ञान समाज और मानवता को नई दिशा देने में है। यह बात निर्मला कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी कार्यशाला के समापन अवसर पर उभरकर आई। इस कार्यशाला का आयोजन निर्मला कॉलेज, अवंतिका विश्वविद्यालय, सेंट विंसेंट महाविद्यालय पुणे और निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

डॉ. नितिन राणे ने शोध की बारीकियों, प्रक्रिया और गुणवत्तापूर्ण शोध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धर्म प्रांत के धर्म गुरु आर्चबिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्कल ने ज्ञान और शोध के क्षेत्र में ऐसी कार्यशालाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

बेसहारा बुजुर्गों के अंतिम संस्कार से पितृ तर्पण तक निभाया धर्म

युवा संस्कार परिवार- पितृ अमावस्या आयोजन, धार्मिक आस्था के साथ नदी की स्वच्छता का भी दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागदा

मानवता का धर्म केवल जीवित लोगों की सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि बेसहारा व्यक्ति के निधन के बाद भी सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई देना और उसकी स्मृतियों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखना सच्ची मानवीयता है। इसी भावना की मिसाल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. गेहलोत ने पेश की। वृद्धाश्रम में रहने वाले हीरालाल जी और गीता बाई के निधन पर उन्होंने उनके अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई और मुखाग्नि देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। इतना ही नहीं, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर दोनों दिवंगतों की आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना से विधि-विधानपूर्वक तर्पण और पिंडदान भी किया।

गेहलोत चंबल तट के समीप समीप बाल हनुमान मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार द्वारा आयोजित निःशुल्क सामूहिक पितृ तर्पण एवं पिंडदान कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हीरालाल जी और गीता बाई के निमित्त पितृ कर्म कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। उनका यह प्रयास बताता है कि रिश्तों की पहचान केवल पारिवारिक संबंधों से नहीं, बल्कि जरूरत के समय निभाए गए मानवीय दायित्वों से भी होती है।



धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पितृ तर्पण के दौरान गेहलोत ने नदी की स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता दिखाई। उन्होंने पूजा में उपयोग की गई फूल-मालाओं सहित अन्य सामग्री को नदी में प्रवाहित करने के बजाय एकत्र कर उचित स्थान पर रखा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान नदी और घाटों की स्वच्छता बनाए रखें तथा पूजन सामग्री निर्धारित स्थान पर ही रखें, ताकि नगर पालिका उसका उचित निपटान कर सके। धार्मिक आस्था के साथ जलस्त्रोतों का संरक्षण करना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में लगातार 13वें वर्ष निःशुल्क सामूहिक पितृ तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक नीलेश मेहता के नेतृत्व में पं. अजय पंड्या एवं पं. दीपक पंड्या के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ।

अग्र-कुलदेवी गजलक्ष्मी को ओढ़ाई राजस्थानी चुनरी

अग्रवाल जेसीस ने निकाली चुनरी यात्रा, अग्रसेन जयंती महोत्सव पर माता का किया सोलह श्रृंगार

उज्जैन। श्री अग्रवाल जेसीस ने अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर कुलदेवी महालक्ष्मी का सोलह श्रृंगार कर उन्हें राजस्थानी चुनरी अर्पित की। नई पेठ स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से गजलक्ष्मी मंदिर तक ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष भजन गाते व नाचते हुए शामिल हुए।

अग्रवाल जेसीस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कुलदेवी को राजस्थानी चुनरी ओढ़ाई गई। अग्रवाल महिला जेसीस की अध्यक्ष टीना अग्रवाल के अनुसार अग्रवाल पंचायत न्यास के पूर्व अध्यक्ष व ट्रस्टी विजय अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश गोयल, अजीत मंगलम और बैंक डायरेक्टर बिंदु गर्ग ने माता रानी को चुनरी अर्पित कर महाआरती की।

इस विशेष अवसर पर गजलक्ष्मी मंदिर को आकर्षक फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। माता को खीर और मिठाई का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरित की गई।

कार्यक्रम में ट्रस्टी सीए संजय अग्रवाल, गोविंद गोयल, जयकिशन अग्रवाल, मधुर गर्ग, नरेंद्र गुप्ता, जगदीश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, महेश अग्रवाल फिल्म, डॉ. मनोज अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, बाबूलाल सीहल, सत्यनारायण अग्रवाल, मनोहर गर्ग, संदीप बिंदल, विजय गोयल, तरुण अग्रवाल, आशीष गर्ग, गणेश अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल और सचिव दीपेश अग्रवाल सहित अग्रवाल महिला जेसीस की सदस्य व अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विजय अग्रवाल ने आभार माना।

उज्जैन
रविवार
11
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

दुर्जनःपरिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्पःकिमसौ न भयंकरः।।

अर्थः दुष्ट व्यक्ति भले ही ज्ञान से सुशोभित हो अर्थात् विद्वान भी हो, उसे त्याग देना चाहिए। रत्नों से सुशोभित सर्प की तरह क्या भयानक नहीं है?

खबर एक नजर...

फंदे पर लटकी मिली 9वीं की छात्रा, पिता बोले- पता नहीं क्यों ऐसा कदम उठाया

इंदौर। इंदौर में 9वीं क्लास की छात्रा ने शुक्रवार रात फांसी लगा ली। घटना के वक्त उसके माता-पिता घर पर नहीं थे। रिश्तेदारों ने उसे फंदे पर देखा और अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, स्कीम नंबर 71 में रहने वाली वैष्णवी गोस्वामी ने शुक्रवार रात फांसी लगा ली। घटना के वक्त माता-पिता घर पर नहीं थे। रिश्तेदारों ने घटना देखी तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और छात्रा को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पिता राजीवपुरी गोस्वामी ने बताया कि रात को घर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। उनके दो बच्चे हैं- एक बेटा और एक बेटी। बेटी सराफा विद्या निकेतन स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ती थी। उन्होंने बताया कि बेटी पढ़ाई में अच्छी थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि 9वीं क्लास की छात्रा ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना के वक्त माता-पिता घर पर नहीं थे, जबकि भाई घर पर ही था। पुलिस परिजनों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है।

पीथमपुर के स्क्रैप गोडाउन में लगी आग, सेक्टर तीन में तेजी से फैली

पीथमपुर। औद्योगिक नगर पीथमपुर के सेक्टर-3 स्थित एक स्क्रैप यार्ड में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई है। आग इतनी विकराल है कि धुएं का गुबार दूर-दूर तक देखा जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पीथमपुर क्षेत्र के तीनों थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात हैं। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से भी अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, पुलिस और प्रशासन राहत कार्य में जुटा हुआ है। सेक्टर तीन की अल्पा इंड्रस्टीज जोकि स्क्रेप गोडाउन बताया जा रहा है। आग वहां से लगी और फैलते हुए आस-पास की कंपनियों को चपटे में ले लिया। प्राथमिक जानकारी में अभिनेतक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। दमकल की चार गाड़ियां लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास कर रही हैं। मौके पर पीथमपुर थाना प्रभारी सुनील शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद है। सुरक्षा के दृष्टि से सड़क को सील लिया गया है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म 5 दिन बाद काम पर लौटे कर्मचारी

पीथमपुर। पीथमपुर में पिछले पांच दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। कर्मचारियों ने अपनी कई मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। हड़ताल के चौथे दिन कर्मचारियों ने पूरे पीथमपुर में एक बड़ी रैली निकाली। इसके बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरती गरवाल और अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल ने कर्मचारियों को उनकी स्थानीय मांगें जल्द पूरी करने का भरोसा दिया। शासन स्तर की मांगों को भी लिखित में भेजा गया है। अधिकारियों के भरोसे के बाद कर्मचारियों ने अपनी 5 दिवसीय हड़ताल खत्म करने का फैसला किया। मध्य प्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के शहर अध्यक्ष जितेंद्र बारोदिया और सभी दरोगा व मेट ने मिलकर पीथमपुर को साफ और सुंदर बनाने के लिए फिर से काम शुरू कर दिया है। जितेंद्र बारोदिया ने बताया कि सभी कर्मचारियों की मुख्य जिम्मेदारी पीथमपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है, जिसके तहत शहर में काम चालू कर दिया गया है।

इंदौर में 15 अक्टूबर को होगा युवा संगम रोजगार मेला

इंदौर। शासन के निदेर्शानुसार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 15 अक्टूबर 2026, गुरुवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय परिसर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास, 10 पोलोग्राउंड, इंदौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया की जाएगी। मेले में शामिल होने वाले युवाओं को अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्रि आज से प्रारंभ

बहनों के साथ विराजमान है बिजासन माता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्रि आज से शुरू हो रहा है। इसे लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया है।

नवरात्रि के दौरान माता का विशेष श्रृंगार, अभिषेक और पूजन होगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दर्शन की व्यवस्था में भी बदलाव किए गए हैं, ताकि भक्तों को आसानी से दर्शन हो सकें। बिजासन माता मंदिर में इस बार तीन के बजाय चार लाइनों में दर्शन होंगे। वहीं, अन्नपूर्णा मंदिर में दिन में तीन बार माता का श्रृंगार किया जाएगा, जबकि हरसिद्धि माता मंदिर में प्रतिपदा से नवमी तक विशेष पूजन और अष्टमी पर हवन होगा।

यहां नौ बहनों के साथ विराजमान हैं बिजासन माता- बिजासन माता मंदिर के पुजारी अशोक वनगोस्वामी ने बताया कि इस बार नवरात्रि में तिथि का क्षय नहीं हुआ है, बल्कि तिथि बढ़कर आ रही है। उनके मुताबिक, बिजासन माता मंदिर विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां बिजासन माता अपनी नौ बहनों के साथ विराजमान हैं। मान्यता है कि माता अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

पुजारी ने बताया कि नवरात्रि को लेकर मंदिर में विशेष सजावट की गई है। श्रद्धालु माता को चुनरी अर्पित करने के लिए भी पहुंचते हैं। प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। पहले मंदिर में दर्शन के लिए तीन लाइनें थीं, लेकिन इस बार चार लाइनों में दर्शन कराए जाएंगे।

नवरात्रि की शुरूआत पर सुबह घट स्थापना की जाएगी। रात में माता का अभिषेक कर उन्हें नए वस्त्र धारण कराए जाएंगे। इसके बाद आरती होगी और नौ दिनों में माता का अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार किया जाएगा।

हरसिद्धि मंदिर में प्रतिपदा से नवमी तक विशेष पूजन- हरसिद्धि माता मंदिर के पुजारी पंडित सुनील शुक्ला ने बताया कि मंदिर का निर्माण वर्ष 1766 में श्रीमंत मालेराव होलकर के शासनकाल में हुआ था और इसकी देखरेख मां अहिल्याबाई के संरक्षण में हुई थी। तभी से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां आश्विन और चैत्र, दोनों नवरात्रि में विशेष आयोजन होते हैं। नवरात्रि में प्रतिपदा से नवमी तक प्रतिदिन माता का श्रृंगार, अभिषेक और पूजन किया जाएगा। अष्टमी पर हवन होगा, जबकि नवमी को कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पुजारी के मुताबिक, दशहरे पर भी मंदिर की विशेष परंपरा रही है। मान्यता है कि इंदौर के पूर्व शासक दशहरा मनाने के बाद यहां माता के दर्शन करने और सोना-पत्ती चढ़ाने आते थे।

महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनें- हरसिद्धि माता मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन लाइनें बनाई जाएंगी। पंडित शुक्ला ने बताया कि मंदिर के बाहर और परिसर के भीतर सुरक्षा गार्ड तैनात रहेंगे, जो भीड़ और दर्शन व्यवस्था संभालेंगे। मंदिर प्रबंधन का प्रयास है कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें।

अन्नपूर्णा मंदिर में तीन बार होगा माता का श्रृंगार

अन्नपूर्णा मंदिर के पुजारी शालिग्राम शर्मा ने बताया कि नवरात्रि को लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर में फूलों की सजावट के साथ आकर्षक लाइटिंग की गई है। श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी जयद्रानंद गिरि महाराज ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन रविवार को अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना की जाएगी। इसी के साथ 11 पंडितों द्वारा सप्तचंडी यज्ञ शुरू किया जाएगा। प्रतिदिन माता का अभिषेक और आरती होगी तथा छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माता का सुबह 4 बजे, दोपहर 12 बजे और शाम 4 बजे श्रृंगार किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए रोजाना खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी होगा।

होलकर स्टेडियम के आसपास रास्ते बंद होंगे, 60 फेस रिकग्निशन कैमरे और 10 से ज्यादा ड्रोन से निगरानी

इंदौर में आज भारत-वेस्टइंडीज का महामुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में रविवार को क्रिकेट का रोमांच चरम पर रहेगा। होलकर स्टेडियम में शाम 7 बजे भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। मैच से पहले ही शहर में क्रिकेट का माहौल बनने लगा है, वहीं स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी, टी-शर्ट और कैप की दुकानें सज गई हैं।

दोनों टीमें शनिवार को चार्टर्ड फ्लाइट से इंदौर पहुंच चुकी हैं। सीरीज के शुरूआती दो मुकाबलों में दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता है, इसलिए आज का मुकाबला बढ़त बनाने के लिहाज से अहम होगा। मैच का असर शहर के यातायात पर भी पड़ेगा।

दोपहर 2 बजे से मैच खत्म होने तक स्टेडियम के आसपास कई प्रमुख मार्गों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी और ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। दर्शकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़े कर स्टेडियम तक पैदल पहुंचना होगा। सुरक्षा के लिए 1500 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

सीरीज 1-1 से बराबर, आज जीतने वाली टीम बनाएगी बढ़त- भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज के शुरूआती दो मुकाबलों में दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता है। ऐसे में इंदौर का तीसरा मुकाबला सीरीज में बढ़त बनाने के लिहाज से अहम है। दोनों टीमों के खिलाड़ी शनिवार को चार्टर्ड फ्लाइट से इंदौर पहुंच चुके हैं। मैच से पहले दोनों टीमों के शाम करीब 5 बजे तक होलकर स्टेडियम पहुंचने की संभावना है। मुकाबला शाम 7 बजे शुरू होगा।

भारतीय टीम में संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, शिवम दुबे, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, नितीश कुमार रेड्डी, मयंक यादव, नमन धीर, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी शामिल हैं। मैच के दौरान करीब 27,500 दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

बड़े शॉट और चौकों-छक्कों के लिए जाना जाता है होलकर- होलकर स्टेडियम को बड़े स्कोर और आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। मैदान की चौकोर बाउंड्री करीब 56 मीटर और सीधी बाउंड्री लगभग 68 मीटर बताई जाती है। ऐसे में सही टाइमिंग के साथ लगाए गए शॉट गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा सकते हैं। टी-20 क्रिकेट में छोटी बाउंड्री का महत्व और बढ़ जाता है। यहां कुछ अच्छे ओवर मैच का रुख बदल सकते हैं। पिच को भी टी-20 मुकाबले के अनुरूप तैयार किया गया है। दर्शकों को बड़े शॉट, तेज रन और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद रहेगी।

60 फेस रिकग्निशन कैमरे, 10 से ज्यादा ड्रोन ऐसे रहेगी सुरक्षा

मैच के लिए सुरक्षा व्यवस्था कई स्तरों पर तैयार की गई है। स्टेडियम परिसर में 160 सीसीटीवी कैमरे निगरानी करेंगे। इसके अलावा 60 फेस रिकग्निशन कैमरों और 10 से अधिक ड्रोन के इस्तेमाल की योजना है। करीब 1500 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे, जबकि 150 यातायात पुलिसकर्मी वाहनों की आवाजाही और डायवर्जन पर नजर रखेंगे। दूसरे जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। स्टेडियम में प्रवेश करने वाले दर्शकों की जांच, भीड़ का प्रबंधन और खिलाड़ियों की सुरक्षा पुलिस की प्रमुख जिम्मेदारियां रहेंगी। यातायात पुलिस के अनुसार, दोपहर 2 बजे से मैच समाप्त होने तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। स्टेडियम की ओर जाने वाले कई मार्गों पर पासधारी और आपातकालीन वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दर्शकों की सुविधा के लिए सिटी बसें घंटाघर और हाईकोर्ट चौराहे के आसपास यात्रियों को उतारेंगी। यहां से स्टेडियम तक पैदल जाना होगा। हुकुमचंद घंटाघर और पंचम की फेल की ओर से आने वाले दर्शकों को जंजीरवाला चौराहे की ओर से पैदल प्रवेश मार्ग का उपयोग करना होगा।

जामघाट मार्ग बंद, वांचू पॉइंट वाले वैकल्पिक रास्ते पर जाम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

महू क्षेत्र के जामघाट मार्ग पर आवाजाही बंद होने के कारण शनिवार को वांचू पॉइंट वाले वैकल्पिक रास्ते पर जाम लग गया। भूतड़ी अमावस्या के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महेश्वर और मंडलेश्वर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वांचू पॉइंट घाट पर एक वाहन के खराब हो जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं।

प्रशासन की ओर से सेना के फायरिंग अभ्यास को लेकर 9 और 10 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मंडलेश्वर-जामघाट-इंदौर मार्ग बंद रखने की पूर्व सूचना जारी की गई थी। इस वजह से वाहन चालकों को वांचू पॉइंट वाले वैकल्पिक रास्ते का रुख करना पड़ा। वहीं अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते इस मार्ग पर गाड़ियों का दबाव पहले से ही काफी ज्यादा था। घाट पर अचानक वाहन बंद पड़ने से स्थिति और बिगड़ गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क पर लगभग 3 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे सैकड़ों लोग फंस गए। जाम की सूचना मिलते ही मानपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराने के प्रयास शुरू किए।

नर्मदा किरण अस्पताल में हादसा, केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लसूड़िया इलाके के नर्मदा किरण अस्पताल में तीन दिन की नवजात की मौत के मामले में खुलासा हुआ है कि उसे सिर में चोट लगी थी। जबकि डॉक्टर ने मौत की वजह सांस की नली में दूध फंसना बताया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत केस दर्ज किया है। लसूड़िया पुलिस ने मोनिका पति अंबुज नामदेव की शिकायत पर अज्ञात शख्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंबुज सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। मोनिका के मुताबिक, बच्ची का जन्म 29 जून 2026 की रात 11:17 बजे स्कीम नंबर 78 स्थित नर्मदा किरण अस्पताल में हुआ था। 1 जुलाई को दोपहर में उसे मेरा बेटा और मेरी मां खिला रहे थे। बच्ची स्वस्थ थी और हंस-खेल रही थी। उसी शाम एक नर्स उसे इंजेक्शन लगाने के लिए ले गई। थोड़ी देर बाद जब वह बच्ची को लाई तो उसके सिर पर कपड़ा बंधा था। बच्ची गुमसुम हो गई थी। मेरी मां ने उसे दूध दिया। उसने थोड़ा सा पिया। फिर आंखें बंद कर लीं। हमें लगा सो रही होगी।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज की वेबसाइट हैक, पोर्न वीडियो दिखा

सर्वर या कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम से छेड़छाड़, डीन बोले- विजुअल्स सामने आए हैं वे फेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर कथित तौर पर पोर्न वीडियो दिखाई देने का मामला सामने आया है। इस घटनाक्रम के बाद कॉलेज की वेबसाइट की साइबर सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, वेबसाइट पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाई देने के पीछे हैकिंग थी या कोई तकनीकी गड़बड़ी, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्था की वेबसाइट पर इस तरह का कंटेंट दिखाई देने की जानकारी सामने आने से मामला गंभीर हो गया है। यदि वेबसाइट को हैक करके उसके कंटेंट में बदलाव किया गया है, तो यह साइबर सुरक्षा में सेंधमारी का मामला हो सकता है।



वेबसाइट पर आपत्तिजनक वीडियो किस तरह दिखाई देने लगे, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। आशंका है कि वेबसाइट के सर्वर या कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम से छेड़छाड़ की गई हो। हालांकि, किसी बाहरी लिंक, विज्ञापन या अन्य तकनीकी समस्या के कारण भी ऐसा कंटेंट दिखाई देने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

कॉलेज की वेबसाइट की सुरक्षा पर सवाल

इस घटना ने सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों की वेबसाइटों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ऐसी वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारी की विश्वसनीयता बनाए रखना और उन्हें अनधिकृत बदलावों से सुरक्षित रखना जरूरी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वेबसाइट पर आपत्तिजनक कंटेंट कितनी देर तक दिखाई दिया, इसके पीछे कौन जिम्मेदार है और क्या वेबसाइट के डेटा या सर्वर को कोई नुकसान पहुंचा है। मामले में कॉलेज प्रबंधन की आधिकारिक प्रतिक्रिया और तकनीकी जांच से ही स्थिति साफ हो सकेगी। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि कॉलेज की वेबसाइट हैक नहीं हुई है। कॉलेज के जो विजुअल्स सामने आए हैं वे भी फेक हैं। मैंने कॉलेज की वेबसाइट मेंटेन करने वाले एक्सपर्ट को दिखवाया लेकिन ऐसा कुछ नहीं है।

इंदौर के सुमन नगर इलाके में पानी की लाइन के लिए गड्ढा खोदते समय

गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, तेज प्रेशर से निकली गैस से घबराए रहवासी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



सुमन नगर इलाके में शनिवार शाम पानी की लाइन के लिए गड्ढा खोदते समय गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। मजदूरों की गेती पाइपलाइन पर लगने से तेज प्रेशर के साथ गैस का रिसाव होने लगा। अचानक तेज आवाज के साथ गैस निकलने से आसपास के लोग घबरा गए। लोगों ने तुरंत गैस कंपनी को सूचना दी, जिसके बाद सप्लाई बंद कर पाइपलाइन की मरम्मत शुरू की गई। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया।

चिंता की बात यह है कि इसी गली में कुछ महीने पहले भी गैस लीकेज के कारण बड़ा हादसा हो चुका है, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे।

शाम 5 बजे खुदाई के दौरान हुआ लीकेज

रहवासी नीलेश ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे पानी की लाइन डालने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। इसी दौरान अवंतिका गैस की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही गैस कंपनी को फोन कर रिसाव रोकने के लिए कहा गया। प्रत्यक्षदर्शी कुमरावत सिंह सोलंकी ने बताया कि दो मजदूर खुदाई कर रहे थे। तभी पाइपलाइन से तेज प्रेशर के साथ गैस निकलने की आवाज आने लगी। उन्होंने तुरंत बिल्डिंग के सुपरवाइजर को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद सुपरवाइजर ने गैस कंपनी से संपर्क किया।

इसी गली में पहले भी हो चुका है हादसा

गैस लीकेज की इस घटना से रहवासियों की चिंता बढ़ गई है। लोगों के मुताबिक, कुछ महीने पहले इसी गली में गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें कई लोग झुलस गए थे। ऐसे में दोबारा खुदाई के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सूचना मिलने पर गैस कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और सप्लाई बंद कर मरम्मत का काम शुरू किया। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के मद्देनजर भूमिगत पाइपलाइनों की जानकारी लेकर खुदाई करने और जरूरी सुरक्षा उपाय अपनाने की आवश्यकता है।

खबर एक नजर...

चेकिंग में अवैध चाकू के साथ 2 युवक पकड़ेः दोनों पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

सिवनी। सिवनी शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने शनिवार देर रात तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब दुकानों के आसपास खुले में शराब पीने वालों की जांच की गई। बाबरिया रोड स्थित होटल-ढाबों का भी निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो युवकों को अवैध चाकू के साथ पकड़ा। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में शहर में रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस की टीम ने लूघरवाड़ा शराब दुकान, न्यू लाइफ हॉस्पिटल के पास स्थित शराब दुकान और कचहरी चौक के आसपास चेकिंग की। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इसके बाद पुलिस टीम ने बाबरिया रोड पर होटल-ढाबों का निरीक्षण किया। सिद्धार्थ होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों के संचालकों को नियमों का पालन करने और परिसर में नशे से जुड़ी अवैध गतिविधियां नहीं होने देने की हिदायत दी गई। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए भी कहा गया।

साइबर-अपराधों के हिसाब से थानों को 3 श्रेणियों में बांटा

भोपाल। तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस ने अलग रणनीति तैयार की है। अपराधों की संख्या के आधार पर थानों की मैपिंग कर उन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है। हॉट स्पॉट या ह्यएङ्क श्रेणी में 12 थाने हैं, जहां इस साल 500 से ज्यादा शिकायतें और एफआईआर हैं। यानी हर थाने में औसतन 40-42। इन थानों में कोलार, पिपलानी, बागसेवनिया, शाहपुरा और मिसरोद टॉप 5 में शामिल हैं। ह्यबीङ्क श्रेणी में 23 थाने हैं, जहां 100 से 499 तक शिकायतें हैं। महिला और अजाक थाना ह्यसीङ्क श्रेणी में हैं, जहां शिकायतों की संख्या 100 से कम है।

साइबर अपराधों की जांच के लिए पिछले महीने तकनीकी पृष्ठभूमि से जुड़े 55 पुलिसकर्मियों को चयनित किया गया था। इन्हें विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिलाया गया। इसके बाद थानों में इनकी तैनाती की गई है। ह्यएङ्क श्रेणी के थानों में छह, ह्यबीङ्कश्रेणी में चार और ह्यसीङ्क श्रेणी में दो अफसर-कर्मचारी साइबर हेल्प डेस्क में तैनात किए हैं।

भू-अर्जन बचाने के चक्कर में 48 करोड़ रुपए में बन रहा नया ब्लैक स्पॉट

दमोह। कटनी-दमोह मार्ग पर बांदकपुर के पास करीब 48.52 करोड़ रुपए से रेलवे ओवरब्रिज निर्माण पूरा होने से पहले ही सवालों के घेरे में है। शासकीय जमीन के अधिकतम उपयोग और निजी मकानों के भू-अर्जन से बचने के चक्कर में आरओबी का डिजाइन ऐसा दिया गया कि एक नया ब्लैक स्पॉट बनकर तैयार हो रहा है।

ब्रिज को सीधा रखने के बजाय एक ओर मोड़ दिया गया है। इसका असर आरओबी के उस तिराहे पर दिखाई दे रहा है, जहां बांदकपुर, दमोह और कटनी की ओर जाने वाले मार्ग आपस में जुड़ते हैं। यहां घुमाव के लिए जगह कम होने से वाहनों की विजिबिलिटी प्रभावित होगी। आरओबी 1153.14 मीटर लंबा और 42 मीटर चौड़ा है। बांदकपुर से वाहन जब आरओबी से उतरकर कटनी की ओर मुड़ेंगे, तो दमोह की ओर से आने वाली सड़क का पर्याप्त दृश्य नहीं मिल सकेगा। इसी तरह दमोह की ओर से आने वाले वाहन चालकों के लिए भी मोड़ पर सामने की सड़क को देखना मुश्किल होगा।

26 साल से साफ पानी देने वाले हैंडपंप से आने लगा काला पानी

भोपाल। आदमपुर कचरा खंती के आसपास पड़रिया, शांति नगर और अर्जुन नगर के बाद अब आदमपुर छावनी पठार के नायक मोहल्ले में भी दूषित पानी की शिकायत है। यहां 26 साल से साफ पानी देने वाले हैंडपंप से पिछले 8-9 दिनों से काला, झागदार और बदबूदार पानी निकल रहा है। निजी बोरिंग भी प्रभावित हैं। बुजुर्ग लालू प्रजापति के मुताबिक, पानी हाथ-पैर धोने लायक भी नहीं है। इसके संपर्क में आने से सूजन और त्वचा संबंधी परेशानियां हो रही हैं। कुछ लोगों को अस्पताल जाना पड़ा। स्थानीय निवासी जीतू ठाकुर ने बताया कि आदमपुर, छावनी, पड़रिया और कोलूआ पंचायतें खंती के आसपास हैं। नायक मोहल्ले के 900 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। पानी के लिए एक ही हैंडपंप बचा है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है।

48 प्रतिमाओं से सजी सोमनाथ की 1000 साल की गाथा

भोपाल। शारदीय नवरात्र के शुभारंभ से पहले शहर के अधिकतर दुर्गा पंडाल अलग-अलग थीम पर सजकर तैयार हैं। यह पहला मौका है जब तीन पंडालों की लागत एक करोड़ रुपए से ऊपर पहुंची है। 1 करोड़ 35 लाख की लागत के साथ बरखेड़ा पठानी का पंडाल पहले नंबर पर है। पिछले साल के मुकाबले 55 लाख ज्यादा खर्च के साथ इसने बिट्टन मार्केट की झांकी को पीछे छोड़ दिया है।

बिट्टन में 1.30 करोड़ की लागत से बाबा सोमनाथ का मंदिर साकार किया गया है। यहां रविवार शाम 7 बजे से श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

लाड़ली बहनों को बिना काम पैसा, हमें 4 महीने से मानदेय नहीं; उट हाउस घेरने निकली थीं

शिवराज के घर के सामने घंटों बैठी रहीं हजारों महिलाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्याह्न भोजन और सांझा चूल्हा योजना से जुड़ी हजारों महिलाएं शनिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करने निकलीं। चार महीने से मानदेय नहीं मिलने से नाराज महिलाएं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले के सामने घंटों बैठी रहीं। उनका कहना था कि सरकार लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को राशि दे रही है, लेकिन काम करने के बावजूद उन्हें मेहनताना नहीं मिल रहा।

प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारियों ने संबंधित अफसरों को बुलाकर महिलाओं की बात कराई। अधिकारियों से समाधान का आश्वासन मिलने पर महिलाएं लौट गईं। प्रदर्शनकारियों ने भुगतान के लिए 10 नवंबर तक का समय दिया है। उनका कहना है कि तय तारीख तक खातों में राशि नहीं आई, तो प्रदेश के सभी 55 जिलों में चक्काजाम किया जाएगा।

प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह महासंघ (स्व-सहायता समूह एवं रसोइया संघ), मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लंबित भुगतान सहित 16 सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बघेल के मुताबिक, सांझा चूल्हा योजना की राशि तीन से चार महीने की देरी से मिलती है।

महासंघ ने मांग की है कि हर महीने की 5 तारीख तक भुगतान किया जाए और सभी जिलों में राशि जारी करने की एक निश्चित तारीख तय हो। संगठन ने रसोइया बहनों का मासिक मानदेय 500 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए करने और इस राशि को स्व-सहायता समूह की लागत से नहीं काटने की मांग भी की है।



कई समूहों को 20 से 25% खाद्यान्न मिलने की शिकायत

महासंघ का कहना है कि पोषण आहार योजना में पोर्टल पर दर्ज वास्तविक हितग्राहियों की संख्या के अनुपात में समूहों को पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिल रहा। कई समूहों को केवल 20 से 25% खाद्यान्न मिलने का दावा किया है। संगठन ने वास्तविक छात्र संख्या के आधार पर 100% खाद्यान्न आवंटन और वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है।

खाद्यान्न उठाव की प्रक्रिया में बदलाव की मांग भी की गई है। महासंघ चाहता है कि थर्ड पार्टी या दुकानदारों के फिंगरप्रिंट के बजाय समूह के अध्यक्ष और सचिव के फिंगरप्रिंट से खाद्यान्न उठाव कराया जाए। इसके अलावा, नाश्ते के लिए 2.88 रुपए और भोजन के लिए 4.82 रुपए प्रति हितग्राही निर्धारित दरों में महंगाई के अनुसार बढ़ोतरी करने की मांग रखी गई है।

सिंहस्थ के लिए रेलवे ने बनाया मेगा क्राउड मैनेजमेंट प्लान, नो शंटिंग-नो रिवर्सल प्लान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने मेगा क्राउड मैनेजमेंट प्लान बनाया है। सबसे बड़ा टास्क है ट्रेनों को तेजी से और सुरक्षित चलाना। इसके लिए सिंहस्थ के दौरान ट्रेनों के आवागमन में लगने वाले समय को कम करने के लिए नो शंटिंग-नो रिवर्सल के फॉर्मूले पर ट्रेनों को चलाया जाएगा।

खास बात यह है कि रतलाम, नागदा, उज्जैन आदि जंक्शन पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक दबाव की संभावना को देखते हुए सामान्य ट्रेनों के बजाय रेलवे केवल डबल-हेडेड (आगे और पीछे दोनों तरफ इंजन लगी ट्रेनें), वंदे भारत और इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट व मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट जैसी ट्रेनें चलाएगा। दरअसल रेलवे की इस तकनीक से प्लेटफॉर्म का ऑक्यूपेंसी टाइम (ट्रेन रुकने की अवधि) काफी कम हो जाएगा। ट्रेनें स्टेशन पर आते ही यात्रियों को उतारेंगी-चढ़ाएंगी और तुरंत आगे या पीछे रवाना हो जाएंगी। इससे आउटर पर ट्रेनों के रुकने की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। विभिन्न दिशाओं (जैसे रतलाम, भोपाल, इंदौर और नागदा) से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग स्टेशन और प्लेटफॉर्म निर्धारित रहेंगे। ऑपरेटिंग समय बचाने के लिए रेलवे ने डबल-हेडेड, वंदे भारत और ईएमयू रेक्स की मांग (डिमांड) भेज दी है। ये रेक्स विशेष तौर पर सिंहस्थ के लिए ही आवंटित किए जाएंगे।

सतपुड़ा टाइगर कॉरिडोर...: जहां बोर्ड पर लिखा- बाघ और वन्यजीव विचरण करते हैं, वहीं 6 किलोमीटर में लगाई फेंसिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सरकारी फाइलों और सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े बोर्ड पर लिखा है यह ह्यसतपुड़ा-मेलघाट टाइगर कॉरिडोरङ्क है। बोर्ड पर चेतावनी भी लिखी है कि यहां बाघ और वन्यजीव विचरण करते हैं। लेकिन इसी सरकारी रिकॉर्ड को धत्ता बताते हुए स्थानीय वन विभाग ने उसी रास्ते पर बाघों के लिए कंटीली बेड़ियां डाल दी हैं।

बैतूल से रानीपुर मार्ग पर चिखलार से आगे लगभग 5 से 6 किमी के दायरे में सड़क की कभी दाईं तो कभी बाईं ओर लोहे के तीखे और नुकीले तारों की फेंसिंग खड़ी कर दी गई है। हद तो यह है कि वन्यजीवों के सड़क पार करने और पानी पीने के कुछ प्राकृतिक नालों के मुहाने पर भी ये कटीले तार तान दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक वन विभाग ने इस क्षेत्र को ह्यएससीआई पुनरुत्पादन कूपङ्क के तहत उपचार कार्य योजना में शामिल किया है। यहाँ सागौन के नए पौधे लगाए गए हैं। विभाग की दलील है कि पौधों को बचाने के लिए फेंसिंग की गई है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब विभाग के पास ऑन-रिकॉर्ड दर्ज है कि यह टाइगर कॉरिडोर है, तो फिर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के नियमों को ताक पर रखकर कटीली फेंसिंग क्यों चुनी गई? नियमों के मुताबिक कॉरिडोर में किसी भी तरह की कटीली या चेन-लिंक फेंसिंग लगाना पूरी तरह गैर-कानूनी है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से मेलघाट तक करीब 250 किमी का वन क्षेत्र बाघों की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण है। यह मार्ग केसला-सुखतवा, हरदा की रेहटगांव रेंज, बैतूल के शाहपुर, भौंरा, बरेठा घाट, रानीपुर और आठनेर से होते हुए महाराष्ट्र के मेलघाट तक फैला है। वर्ष 2022 में रेडियो-कॉलर वाली बाघिन के सतपुड़ा से मेलघाट पहुंचने का रिकॉर्ड है। शाहपुर और आठनेर में शावकों के जन्म के प्रमाण भी मिले हैं। अभी सारनी में बाघिन के होने के साक्ष्य मिले हैं।



गायत्री परिवार ने वृद्धाश्रम में कराया सामूहिक तर्पण संस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान संस्कार कराया। कार्यक्रम में 6 वृद्ध महिलाओं और 26 पुरुषों सहित कुल 32 परिजनों ने अपने पूर्वजों की आत्मशांति के लिए श्रद्धापूर्वक तर्पण और पिंडदान किया।

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक सुरेंद्र प्रजापति एवं युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक सुनील सेन ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सामूहिक तर्पण कराया गया। परिव्राजक राजनारायण शर्मा ने सूर्यदेव के समक्ष सभी को पितरों के लिए जलांजलि अर्पित कराई। उन्होंने कहा कि अपने लिए अर्पण, समाज के लिए समर्पण और पितरों के लिए तर्पण मानव जाति का धर्म है। सुनील सेन ने कहा कि हम पितरों को श्रद्धा देते हैं और उनसे शक्ति प्राप्त करते हैं, इसी का नाम श्राद्ध है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक गुमान सिंह कुशवाह, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी श्रीराम शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के रवि कुमार कुशवाह, राहुल सेन, जितेंद्र शर्मा, श्याम श्रीवास्तव, रामनाथ महेरा, वीरेंद्र गोस्वामी, प्रखर प्रजापति, निखिल गोस्वामी और श्रेष्ठ सेन सहित युवा प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे। सेवा भारती ने गायत्री परिवार के परिजनों का आभार जताया।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण रात 3 बजे पहुंचे दफ्तर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर जिले में कम बारिश के कारण पहले से परेशान किसानों की मुश्किलें बिजली कटौती और कम वोल्टेज ने बढ़ा दी हैं। जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर ग्राम इंदर सिंह की चौकी के ग्रामीण बिजली समस्या से जूझ रहे हैं। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 3 बजे गांव के युवा शिकायत लेकर बिजली विभाग के दफ्तर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक वहां उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं मिला। निराश होकर उन्हें वापस लौटना पड़ा।

इस बार कम बारिश होने से किसानों को खेतों में खड़ी फसलों की चिंता सता रही है। किसान सिंचाई के लिए नर्मदा के पानी और कुओं पर निर्भर हैं। कुछ क्षेत्रों में पाइपलाइन के जरिए नर्मदा का पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में फसलों को बचाने के लिए नियमित बिजली आपूर्ति जरूरी है। लेकिन बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें रात में भी खेतों पर बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है।

ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र चोंगड ने बताया कि रात में बिना किसी सूचना के बिजली बंद कर दी जाती है। समस्या होने पर बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया जाता है, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि कम बारिश के कारण किसान पहले ही परेशान हैं। नर्मदा के पानी से सिंचाई करने के लिए भी बिजली की जरूरत है, लेकिन आपूर्ति बाधित होने से किसानों को पूरी रात खेतों में इंतजार करना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शहरी क्षेत्र में पर्याप्त बिजली दी जा रही है, जबकि गांवों में लगातार कटौती हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि खेती के महत्वपूर्ण समय में ग्रामीण क्षेत्रों को नियमित बिजली क्यों नहीं मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से सिंचाई का काम प्रभावित हो रहा है और फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

बाघिन के दोनों शावक सुरक्षित, मशहूर बाघिन डॉटी की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बांधवगढ़

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सबसे लोकप्रिय बाघिनों में शामिल डॉटी की शुक्रवार दोपहर मौत हो गई। करीब 14 साल की डॉटी की पहचान उसके माथे के दाईं ओर अंग्रेजी के अक्षर ह्यउङ्क जैसे खास निशान से थी।

इसी निशान के कारण उसका नाम डॉटी पड़ा था। वन अधिकारियों के मुताबिक, शुरूआती जांच में मौत प्राकृतिक कारणों से होने की बात सामने आई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि डॉटी का शव रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र की मझखेता बीट में मिला।

3-4 बार मां बनी : डॉटी का जन्म 2011-12 में बांधवगढ़ के मगधी जोन में हुआ था। बाद में उसकी अपनी मादा संतानों ने उसे उसके पुराने इलाके से बाहर कर दिया। अपने जीवनकाल में उसने 3 से 4 बार शावकों को जन्म दिया। इसके बाद डॉटी ने ताला जोन में नया ठिकाना बनाया और वहां दो और शावकों को जन्म दिया। उसके ये दोनों शावक अभी 15 से 16 महीने के हैं और सुरक्षित हैं। वन विभाग उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्याः ओवर ब्रिज पर? कौओं के लिए पंगत, लेकिन दिखाई ही नहीं दिए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

पर्यावरण में बदलाव के कारण पक्षियों की कमी हो रही है। पितृ पक्ष में पूर्वजों को श्राद्ध की प्रसादी खिलाने के लिए लोगों को अपने घरों के आसपास कौए नहीं मिले। लोग कुछ लोग ओवर ब्रिज पर पहुंचे। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में कौए दिखाई देते हैं।

इसीलिए लोगों ने रेलिंग पर पत्तल परोस दी। ऐसा लगा जैसे कौओं की पंगत हो। हालांकि अधिक मात्रा में भोजन आने से यहां कौओं की संख्या कम दिखाई दी। दोपहर में तो कौए नजर नहीं आए।

बर्ड एक्सपर्ट धर्मेंद्र पारे ने बताया कि कौओं की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इसका मुख्य कारण भोजन व्यवहार में बदलाव है। वहीं पर्यावरण और पारिस्थितिकी में परिवर्तन भी बड़ा कारण है।

पलायन, खेती का बंजर होना, पशुपालन में कमी और विदेशी खर-पतवार के फैलने से कौओं के लिए भोजन की उपलब्धता घट गई है।

कौए मुख्य रूप से कीड़े-मकोड़े खाते हैं, लेकिन उनका प्रिय भोजन शहरी क्षेत्रों में कम होता जा रहा है। इसके अलावा, ऊंचे और बड़े पेड़ों की कमी के कारण कौओं के लिए घोंसला बनाना भी मुश्किल हो गया है।

27 प्रतिशत आरक्षण के लिए बड़े से बड़ा वकील करने को तैयार कांग्रेस

सरकार बनने पर आरक्षण लागू करने का दावा; मुख्यमंत्री मोहन यादव से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 27 प्रतिशत आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की है कि 27 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक ले जाया जाएगा। इसके लिए बड़े से बड़ा वकील करने की जरूरत पड़ी और एक करोड़ से लेकर 50 करोड़ रुपये तक खर्च करना पड़ा, तो कांग्रेस पार्टी यह पूरा खर्च उठाएगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर ओबीसी के आरक्षण को लागू किया जाएगा।

पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस मामले में जल्द आपात बैठक बुलाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को अपनी गलतियों को सुधारना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को भाजपा के कुछ नेता गलत सलाह दे रहे हैं, जिसके कारण ऐसी परिस्थितियां बन रही हैं। पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले में गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए और ओबीसी वर्ग के युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल कदम उठाने चाहिए।



पटवारी ने कहा कि ओबीसी वर्ग के अनेक युवा सात-सात वर्षों से नौकरी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। भर्ती और आरक्षण से जुड़ी अनिश्चितता के कारण युवाओं और उनके परिवारों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि नौकरी की उम्मीद में बैठे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है, उनके पारिवारिक रिश्ते टूटते हैं या किसी परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

उन्होंने करीब 11 हजार पदों और उनसे जुड़े परिवारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण संबंधी विवाद के कारण बड़ी संख्या में युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पटवारी ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान निकालने की मांग की।

'हमारी मंशा राजनीतिक नहीं, युवाओं के अधिकारों की चिंता'

जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर राजनीति या वोट की बात नहीं करना चाहती। उनका कहना था कि कांग्रेस का उद्देश्य भाजपा पर राजनीतिक हमला करना नहीं, बल्कि सरकार को यह सलाह देना है कि मध्यप्रदेश की जनता और उसके अधिकार सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग के युवाओं को वर्षों से नौकरियों का इंतजार है। ऐसे में आरक्षण से जुड़े विवाद का समाधान निकालना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

सर्वदलीय संवाद से निकले समाधान

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सर्वदलीय संवाद शुरू करें। उनका कहना है कि यह मामला केवल किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के रोजगार और उनके भविष्य से जुड़ा है। सरकार को सभी पक्षों से चर्चा कर कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर ऐसा रास्ता निकालना चाहिए, जिससे आरक्षण के अधिकार और भर्ती प्रक्रिया को लेकर बनी अनिश्चितता दूर हो सके।

पटवारी ने दोहराया कि कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में 27 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में प्रभावी पैरवी के लिए संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर ओबीसी वर्ग के हित में जल्द निर्णय ले।

फिल्म इंडस्ट्री और बिजनेस, दोनों में योगदान दिया

मृणाल ठाकुर ने कटरीना-कृति की ट्रोलिंग पर जताई नाराजगी



एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना कर रहीं कटरीना कैफ और कृति सैनन का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि लोगों को एक्ट्रेस की पसंद का सम्मान करना चाहिए।

मृणाल ने कहा कि कटरीना और कृति ने फिल्म इंडस्ट्री और बिजनेस में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी जज किए जाने की बात कही।

अपनी नई फिल्म ह्यपूजा मेरी जानह्ल का प्रमोशन कर रहीं मृणाल ने यह बात महिला कलाकारों के कपड़ों और लुक पर होने वाली सार्वजनिक टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर ढळक से बातचीत में कही। मृणाल ने कहा, ह्लयह उनकी जिंदगी है, उनकी पसंद है। हर किसी को अपनी जिंदगी के दौर का आनंद लेने का अधिकार है।ह्व

उन्होंने कहा, जो लोग इन आइकॉनिक महिलाओं को जज कर रहे हैं, क्या हम भूल जाते हैं कि उन्होंने कितना शानदार काम किया है?ह्व

मृणाल ने कहा कि कटरीना और कृति ने फिल्म इंडस्ट्री और बिजनेस, दोनों में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों भारत के साथ-साथ वङ और अन्य जगहों पर भी बिजनेस चला रही हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोगों को किसी और के बारे में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। लोग पागल हैं, और क्या कहूं।

मृणाल ने आगे कहा कि महिलाओं को हमेशा जज किया जाता रहा है। हालांकि, अब पुरुषों को भी इसी तरह की जांच और टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, ह्लमहिलाओं को हमेशा जज किया जाता है। उन्हें कब जज नहीं किया जाता? लेकिन सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरुषों को भी जज किया जाता है।

फिल्म रामायण से रणबीर कपूर का नया पोस्टर जारी

राजा दशरथ बने अरुण गोविल भी दिखे



भारत की सबसे बड़े बजट में बनी फिल्म रामायण से भगवान राम का किरदार निभाने वाले रणबीर कपूर का नया पोस्टर जारी किया गया है। रणबीर के अलावा राजा दशरथ बने अरुण गोविल का भी पोस्टर शेयर किया गया है। ये पोस्टर ऐसे समय पर रिलीज हो रहे हैं, जब फिल्म के प्री-पोन होने की खबरें सुर्खियों में हैं।

सवालों में है फिल्म की रिलीज डेट

इस फिल्म को दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को रिलीज करने की घोषणा हुई थी, हालांकि नई रिपोर्ट्स के अनुसार, अब फिल्म एक दिन पहले यानी 5 नवंबर को रिलीज की जाएगी। इससे पहले 4 नवंबर से फिल्म के पेड प्रिव्यू शो शुरू किए जाएंगे। फिल्म के इस प्लान का मतलब है कि ह्यरामायणह्ल दिवाली से पहले रिलीज हो जाएगी।

हाल ही में रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर ह्यरामायणह्ल के प्रमोशन के लिए मुंबई के फिल्म सिटी स्थित प्राइम फोकस स्टूडियो पहुंचे थे। कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे बताया गया था, जिसे बाद में दोपहर 1 बजे कर दिया गया। तय समय के अनुसार मीडिया कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया, लेकिन बातचीत शुरू होने में करीब साढ़े चार घंटे की देरी हुई। इस पर कई मीडियाकर्मी इवेंट छोड़कर निकल गए, वहीं कई ने नाराजगी जाहिर की।

इस दौरान रणबीर कपूर, साई पल्लवी, निमार्ता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी समेत फिल्म की टीम मौजूद थी। देरी की वजह मिस्टर बीस्ट के कार्यक्रम में देर से पहुंचने को बताया गया।

कास्टिंग पर विवाद

बीफ विवाद में रहे रणबीर कपूर को रामायण में भगवान श्री राम का किरदार दिए जाने की लंबे समय से आलोचना हो रही है। इसके अलावा ठीक से हिंदी नहीं बोलने वालीं साई पल्लवी के सीता बनने पर भी विवाद है। रकुलप्रीत सिंह के शूर्पणखा वाले 'ग्लैमरस लुक' पर मीम बन रहे।

फिल्म का ट्रेलर आने के बाद कैकेयी का किरदार निभा रहीं लारा दत्ता के पहनावे पर सवाल उठाए जा रहे हैं। फैंस का मानना है कि लारा दत्ता फिल्म में किसी मॉडर्न डेली सोप की बहु के गेटअप में लग रही हैं।

अमिताभ बच्चन को दिल्ली हाईकोर्ट में पेश होने के निर्देश



दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा है कि अमिताभ बच्चन को अपना पर्सनैलिटी राइट्स केस जारी रखने के लिए खुद अदालत में पेश होना होगा।

बार और बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस पुरुषैंद्र कुमार कौरव ने यह निर्देश दिया। कोर्ट ने कुछ प्रतिवादियों के साथ हुए समझौते की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए बच्चन को 16 नवंबर 2026 तक का समय दिया गया है।

कोर्ट ने कहा कि अगर एक या अधिक प्रतिवादियों के साथ समझौता नहीं होता और बच्चन केस आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो अगली सुनवाई में उनकी व्यक्तिगत मौजूदगी जरूरी होगी।

अमिताभ बच्चन ने अपने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए स्थायी रोक लगाने की मांग करते हुए यह केस दायर किया था। कोर्ट को बताया गया कि कुछ प्रतिवादियों के साथ समझौता हो चुका है। हालांकि, अभिनेता की ओर से कुछ लॉजिस्टिक्स संबंधी दिक्कतों के कारण समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर नहीं हो सके।

9 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान भी कोर्ट को बताया गया कि कुछ प्रतिवादियों के साथ समझौता हो गया है। हालांकि, औपचारिक समझौता अभी किया जाना बाकी है। कोर्ट ने आदेश दिया, ह्लअगर समझौता नहीं होता या समझौता अधूरा रहता है और वादी किसी दावे या मुद्दे पर केस जारी रखना चाहता है, तो अगली सुनवाई में उसकी व्यक्तिगत मौजूदगी जरूरी होगी।कोर्ट ने कहा कि इससे वह इंडियन एविडेंस एक्ट, 2023 के सेक्शन 168 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर सकेगी, जिसे कोड ऑफ सिविल प्रोसीजर, 1908 के ऑर्डर रूल 2 और ऑर्डर श रूल 3 के साथ पढ़ा जाएगा।

नाना पाटेकर को याद कर इमोशनल हुए अमिताभ




अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार को दिवंगत अभिनेता नाना पाटेकर को याद किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर नाना के पांच पुराने वीडियो शेयर किए। इन वीडियो में दोनों की मुलाकातों, फिल्मों और बातचीत की झलक देखने को मिली।

नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह गोवा स्थित उनके घर पर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया था।

पहले वीडियो में नाना एक इंटरव्यू के दौरान कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन के साथ शूटिंग का अनुभव बताते नजर आए। उन्होंने अमिताभ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके आने से फिल्मों का अंदाज बदल गया था।

वह हीरो के साथ कॉमेडियन भी बनते थे और डांस भी करते थे। कभी-कभी महिला का किरदार भी निभाते थे। नाना ने मजाक में कहा कि इससे कई लोगों का काम कम हो गया। तीसरे वीडियो में दोनों के बीच मजेदार बातचीत सुनाई दी। नाना ने कहा, भगवान का दिया हुआ सब कुछ है, बंगला है, गाड़ी है, तुम्हारे पास क्या है? इस पर अमिताभ ने जवाब दिया, आज तो मेरे पास नाना पाटेकर है। इसके बाद नाना ने मजाक में कहा कि अमिताभ अगले 25 साल तक केबीसी संभाल लें, फिर वह शो की जिम्मेदारी संभालेंगे। चौथे वीडियो में नाना ने अमिताभ के लिखे एक खत का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म 'दि अटैक्स ऑफ 26/11' देखने के बाद अमिताभ ने उन्हें पत्र लिखकर उनके काम की तारीफ की थी। नाना ने कहा कि वह खत आज भी उनके पास संभालकर रखा है। पांचवें वीडियो में नाना पाटेकर फिल्म हम दोनों के मशहूर गाने मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया की पंक्तियां गाते नजर आए। उन्होंने इस गाने को अपनी जिंदगी का सार बताया। अमिताभ ने उनकी तारीफ की और उनसे अपने अंदाज में गाना सुनाने की गुजारिश की। कौन बनेगा करोड़पति 18 के मंच से भी अमिताभ ने नाना पाटेकर को याद किया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि नाना पाटेकर का अचानक निधन हो गया। उनके जाने से फिल्म इंडस्ट्री और उन्हें जानने वाले लोग दुखी हैं।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ



जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??



वर्ग पहेली

बाएं से दाएं

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण-4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

ऊपर से नीचे

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2, 3
15. हाथी साधने वाला-4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

नाथा पच्ची



संकेत

33		3		24		3	=	36
	■		■		■		■	
25		10		41		8	=	64
	■		■		■		■	
5		2		1		10	=	1
	■		■		■		■	
35		10		29		15	=	31
=	■	=	■	=	■	=	■	=
5		5		36		19	=	89/17

ाब्दों का जाल



द्वि	क	प्र	प	वे	शी	ल	व	ना	क	म				
ती	त	ती	ति	रा	क	ष्ट्र	ति	ज	कृ	पु				
ला	ज	टि	त	ग	ल	प्र	छ	ति	आ	म				
ख	क	क	या	ज	रा	पु	भि	ल	न	ति				
प	जो	क	का	द	ग	म	अ	प्र	तू	ज				
इ	क	ग	प्र	ल	र्द	ह	औ	पू	ना	ष				
ध	खे	ती	न	थी	म	ति	जा	र	व	क				
दे	व	दा	स	ते	ई	धा	या	क	ष्या	लो				
ह	प	श	वा	हि	प्र	ई	क	प्र	दी	म				
प	जा	ही	र	न	या	दी	र	र्त	ऐ	ता				
प	प्र	ट	क	प्र	प्र	है	या	ग	वा	प्र				

अष्टयोग

	2		6		5	
	33	2	33	4	26	7
4	5		6			3
	34		40	6	32	
1	3	6			7	2
5	30		31		39	
		1		2		4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


नाथा पच्ची का हल

40	+	42	+	3	-	8	=	77
-	■	+	■	-	■	+	■	-
35	-	15	x	3	-	50	=	10
+	■	-	■	+	■	-	■	-
25	+	35	x	1	-	25	=	35
-	■	+	■	+	■	-	■	+
23	x	3	-	9	-	4	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
7	+	25	+	10	-	29	=	89/17

अष्टयोग का हल

1	6	2	4	3	7	5
5	30	3	21	1	35	7
7	5	1	3	4	2	6
2	33	6	39	7	31	3
4	3	5	7	6	1	2
6	33	4	42	5	26	1
3	1	7	6	2	5	4

शब्दजाल का हल



सूडोकु नवताल

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

अमेरिकी चुनाव से पहले डीजल महंगा, ट्रम्प रूस से खरीदेंगे

इसी वजह से भारत पर 100% टैरिफ की धमकी; जेलेंस्की बोले- पैसा जंग में इस्तेमाल होगा



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी।

अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं। हालांकि, इस फैसले पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा।

खास बात यह है कि सितंबर में ही ट्रम्प ने ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकता है।

ट्रम्प बोले- रूस तुरंत 3 लाख टन डीजल भेजेगा



ट्रम्प ने बताया कि रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। ट्रम्प के मुताबिक, अगर सबकुछ ठीक रहा तो आगे चलकर 30 लाख टन डीजल भी भेजा जा सकता है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने पुतिन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कम कीमतें, खासकर अमेरिकी किसानों, पशुपालकों और ट्रक चालकों के लिए, उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं।

जेलेंस्की बोले- डील से रूस को युद्ध लंबा खींचने में मदद मिलेगी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से डीजल खरीदने के समझौते की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे पुतिन की युद्ध लड़ने की ताकत बढ़ेगी और रूस ज्यादा आक्रामक हमले कर सकेगा। जेलेंस्की के मुताबिक, इस समझौते से रूस को युद्ध लंबा खींचने, ज्यादा लोगों की जान लेने और दुनिया को नुकसान पहुंचाने में मदद मिलेगी। जेलेंस्की का यह बयान ऐसे समय आया है, जब यूक्रेन के वातार्कार रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका के फ्लोरिडा में अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे।

एक्सपर्ट बोले- डील से कीमतों पर फर्क नहीं पड़ेगा

ईरान युद्ध के कारण दुनियाभर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। हालांकि, शुक्रवार को ट्रम्प के ऐलान के बाद डीजल की कीमतों में गिरावट आई। एनर्जी एक्सपर्ट क्लेटन सीगल ने कहा कि इस समझौते से कीमतों पर ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। लेकिन इससे रूस और पुतिन को बड़ा फायदा होगा। वहीं, एक और एक्सपर्ट माइकल लिंच ने इस समझौते की तुलना डूबते जहाज से की। उन्होंने कहा कि अमेरिका रूस से डीजल खरीदेगा, तो रूस के मौजूदा ग्राहक दूसरे देशों से डीजल खरीदने लगेंगे। इससे कीमतों में कोई कमी नहीं आनी वाली।

ईरान जंग खत्म कराने में रूस की मदद का ट्रम्प ने स्वागत किया

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के मुताबिक, ट्रम्प ईरान जंग का समाधान निकालने की कोशिशों में रूस की भूमिका का स्वागत करते हैं। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जंग खत्म होते ही तेल की कीमतें तेजी से गिरेंगी। उन्होंने शुक्रवार को न्यूयॉर्क के सिरैक्यूज में एक चुनावी रैली के दौरान यह बात कही। ट्रम्प ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट से आज युद्ध शुरू होने से पहले

हूती विद्रोही सऊदी अरब को यमन में कैसे फंसा गए:

यूएई ने गलत फैसलों की वजह से साथ छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियाद

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अपने देश को तेल की कमाई से निकालकर दुनिया का बड़ा निवेश और पर्यटन केंद्र बनाना चाहते हैं। लेकिन जिस यमन युद्ध से वे पिछले 11 साल से निकलने की कोशिश कर रहे थे, उसी ने उन्हें फिर घेर लिया है।

ईरान समर्थित हूती विद्रोही सऊदी शहरों, हवाई अड्डों और तेल ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, कई गलत फैसलों के कारण सऊदी अरब की मुश्किलें बढ़ी हैं।

पिछले साल यमन को लेकर सऊदी अरब और यूएई के बीच पुरानी साझेदारी टूट गई। सऊदी के खिलाफ लड़ाई में ट्रम्प ने भी सलमान का साथ नहीं दिया। अब सऊदी अरब अपने सहयोगी देशों की मदद से हूतियों के खिलाफ नया अभियान चला रहा है, लेकिन युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता साफ नहीं है।

सऊदी अरब और यूएई पहले यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ साथ मिलकर लड़ रहे थे। लेकिन बाद में दोनों के हित टकराने लगे। सबसे बड़ा झगड़ा इस बात पर हुआ कि युद्ध के बाद यमन पर किसका और किस तरह का शासन होना चाहिए। सऊदी अरब- यमन में



अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करता है।

यूएई- यमन में अलग देश की मांग करने वाले रळउ के साथ खड़ा है। 2025 के आखिर में रळउ ने दक्षिणी यमन के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया। सऊदी अरब को लगा कि इससे उसकी सीमा की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसके बाद दिसंबर 2025 में सऊदी अरब ने मुकल्ला पोर्ट पर हवाई हमला किया।

सऊदी का आरोप था कि वहां यूएई से आए हथियार उतारे जा रहे थे। जबकि यूएई का कहना था कि जहाजों में हथियार नहीं थे और सामान यमन में तैनात उसके सैनिकों के लिए था। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। यूएई ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ने वाले अपने सैनिक वापस बुला लिए। इसका असर यमन में हूतियों के खिलाफ लड़ रहे गुटों पर पड़ा।

ईरान युद्ध ने सऊदी अरब को फिर घसीटा

यूएई से साझेदारी टूटने के बाद सऊदी अरब अभी यमन में अपने पैर जमाने की कोशिश कर ही रहा था कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद जुलाई में उनका अंतिम संस्कार हुआ। इसमें शामिल होने के लिए हूती प्रतिनिधिमंडल एक विमान से तेहरान पहुंचा। जब ये लौट रहे थे तो इन्हें कहा गया कि वे यमन की राष्ट्रीय एयरलाइन से ही वापस लौटें। उन्हें ईरान की एयरलाइन में आने नहीं दिया जाएगा।

वहीं, हूती अधिकारी ईरानी विमान को सीधे सना में उतारने पर अड़े रहे। इसके बाद सरकार समर्थित फोर्स ने सना एयरपोर्ट के रनवे को बम से उड़ा दिया, ताकि ईरानी विमान वहां उतर न सके। इसके बाद प्लेन को अपना रास्ता बदलकर हूदैदाह एयरपोर्ट उतरना पड़ा। इस घटना से हूती विद्रोही इतने नाराज हो गए कि उन्होंने सऊदी के साथ चल रहा 4 साल पुराना युद्ध विराम तोड़ दिया।

ट्रम्प से मदद मांगी, लेकिन अमेरिका ने हाथ खींचे

सऊदी अरब को उम्मीद थी कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका उसकी सैन्य मदद करेगा। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग भी बढ़ाया था। लेकिन हूतियों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में यह भरोसा कमजोर पड़ता दिखा।

रिपोर्ट के मुताबिक, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से दो बार बात की और हूतियों पर हमला करने का आग्रह किया। ट्रम्प ने सीधे सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। इसके बजाय अमेरिका ने ओमान में हूतियों से बातचीत की, ताकि उनके साथ अपना संघर्षविराम बनाए रखा जा सके।

सऊदी अरब अब दूसरे देशों से मदद जुटा रहा है। फ्रांस ने रक्षा संसाधन और सैन्यकर्मी भेजने पर सहमति जताई है, जबकि ब्रिटेन ने सऊदी लड़ाकू विमानों में ईंधन भरने के लिए विमान भेजने की बात कही है। सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने भी रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

सऊदी के रियाद एयरपोर्ट पर हमला, धमाके से 12 मौतें: 300 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियाद

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को फिर हमला हुआ। धमाके में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतकों में 4 सऊदी, 2 बांग्लादेशी और अमेरिका, फिलिस्तीन, मिस्र, जॉर्डन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल हैं।

हमले के बाद एयरपोर्ट खाली कराया गया और उड़ानें रोक दी गईं। बीते 24 घंटे में एयरपोर्ट की कम से कम 225 उड़ानें रद्द हुईं। रियाद एयरपोर्ट पर बीते 20 दिन में यह चौथा हमला है। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि हमले के पीछे हूतियों के हाथ होने का शक है। ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने इस हफ्ते अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को चेतावनी दी थी कि सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में उड़ानें चलाने के गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

एक अधिकारी के मुताबिक, शनिवार को एक मिसाइल यात्री टर्मिनल



से टकराई, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस तेजी से एयरपोर्ट की ओर जाती दिखाई दीं।

एक अधिकारी के मुताबिक, शनिवार को एक मिसाइल यात्री टर्मिनल से टकराई, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस तेजी से एयरपोर्ट की ओर जाती दिखाई दीं। यमन में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के समर्थन वाली सरकारी सेना के बीच लड़ाई तेज हो गई है। सऊदी अरब अपने लड़ाकू विमानों से हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले कर रहा है, जबकि यमन की सरकारी सेना जमीन पर आगे बढ़ रही है।

इसका मकसद लाल सागर के पास हूतियों के कब्जे वाले इलाकों को वापस लेना और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट पर उनका दबदबा कम करना है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के व्यापार और तेल की सप्लाई के लिए बेहद अहम है।

हालिया सैन्य कार्रवाई के जवाब में हूतियों ने भी सऊदी अरब के एयरपोर्ट, तेल ठिकानों और सैन्य अड्डों को निशाना बनाने का दावा किया है। इससे दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका में फ्लोरिडा के तट से टकराया इसायस तूफान

170 किमी की रफ्तार से हवाएं चल रहीं, 2 मौतें; 9 लाख घरों की बिजली गुल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के मेक्सिको की खाड़ी से लगे तटीय इलाकों में शुक्रवार को इसायस तूफान टकराया। फ्लोरिडा और अलबामा में 170 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पेड़ गिरने से कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक की मौत अलबामा में अपने घर के अंदर हुई, जबकि दूसरे ने फ्लोरिडा के एस्कैंबिया काउंटी में जान गंवाई। भारी बारिश के बाद करीब 9 लाख घरों की बिजली गुल हो गई है। कई इलाकों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है।

इसायस 2026 में अटलांटिक महासागर में आया पहला तूफान है। आमतौर पर अटलांटिक में तूफानों का मौसम जून से नवंबर तक रहता है। इस बार प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति के कारण अटलांटिक में तूफान बनने की रफ्तार धीमी रही। अल नीनो के दौरान प्रशांत महासागर का पानी गर्म हो जाता है। इससे ऊपरी वायुमंडल में हवाओं का बहाव बदलता है। अटलांटिक के ऊपर तेज हवाएं तूफानों की बनावट बिगाड़ सकती हैं, जिससे उनके बनने और ताकतवर होने की संभावना घट जाती है। 30 साल से ज्यादा समय में यह पहली बार है, जब अक्टूबर तक अटलांटिक महासागर में कोई तूफान नहीं बना था।

तीन राज्यों में इमरजेंसी, लोगों को सुरक्षित जगह जाने की सलाह

तूफान के खतरे को देखते हुए मिसिसिपी, अलबामा और फ्लोरिडा के गवर्नरों ने अपने-अपने राज्यों में इमरजेंसी घोषित कर दी। तटीय इलाकों में रहने वाले कुछ लोगों से घर खाली करने और बाकी लोगों से तूफान से निपटने की तैयारी करने को कहा गया। अलबामा की गवर्नर के आइवे ने तूफान के जमीन से टकराने से कुछ समय पहले बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके राज्य में इमरजेंसी घोषित करने की मंजूरी दे दी है। तूफान इसायस के बीच मेक्सिको और दक्षिणी कैलिफोर्निया में भी दो तूफान आए हैं। मेक्सिको में तूफान साइमन से भारी बारिश और जमीन धंसने का खतरा है। फ्लोरिडा में राहत और बचाव के काम के लिए नेशनल गार्ड के करीब 5 हजार सैनिकों और वायुसेना कर्मियों को तैनात किया गया है। कुछ जेलों से कैदियों को भी दूसरी जगह ले जाया जा रहा है। फ्लोरिडा के पैनहैंडल इलाके के कई एयरपोर्ट पर ज्यादातर उड़ानें रोक दी गईं। राइड कंपनी उबर ने राज्य सरकार के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए मुफ्त आने-जाने की सुविधा देने की घोषणा की है।

अमेरिका में फायरिंग, बच्चों समेत 9 लोगों की मौत

आरोपी ने खुद को भी गोली मारी, इस साल मास शूटिंग में 320 से ज्यादा मौतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेनसिल्वेनिया

पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई। अमेरिकी न्यूज चैनल हउश्इ के मुताबिक, 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। फिलाडेल्फिया की रिपोर्ट के मुताबिक 9 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पुलिस को एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर गोलीबारी की सूचना मिली। चश्मदीदों ने बताया कि एक व्यक्ति ने घर के बाहर गोलियां चलाईं और फिर अंदर चला गया।

मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क पर दो महिलाओं के शव मिले। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से एक महिला गर्भवती थी। इसके बाद



पुलिस और खास कमांडो टीम (रहअळ) ने घर को घेर लिया। इसी दौरान घर के अंदर से और गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दीं।

बाद में जब पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई, तो वहां सात और लोगों के शव मिले। इनमें बच्चे भी शामिल थे। संदिग्ध हमलावर भी घर के अंदर मृत मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल आरोपी की पहचान उजागर नहीं की है। गोलीबारी क्यों की गई इसकी वजह भी अभी सामने नहीं आई है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच जारी है। फिलहाल घटना के पीछे की वजह को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

इस साल अमेरिका में हुई गोलीबारी की बड़ी घटनाएं

1 मार्च - टेक्सासः ऑस्टिन में एक बार के बाहर गोलीबारी हुई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हुई और 14 लोग घायल हुए।

19 अप्रैल - लुइसियानाः एक व्यक्ति ने दो घरों में गोलीबारी कर 8 बच्चों की हत्या कर दी। बाद में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

23 अगस्त - मोंटानाः एक व्यक्ति ने परिवार के साथ रविवार का खाना खाते समय गोलीबारी की। इसमें 8 रिश्तेदारों की मौत हो गई, जिनमें 4 बच्चे थे। बाद में घर में आग लग गई। आरोपी की भी मौत हो गई।

केटी जकारिया व्हाइट हाउस की नई प्रेस सेक्रेटरी बनीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने केटी जकारिया को व्हाइट हाउस का नया सेक्रेटरी बनाया है। उन्होंने कैरोलिन लेविट की जगह ली है, जिन्होंने अगस्त में यह पद छोड़ दिया था। 41 साल की जकारिया वकील रह चुकी हैं और फिलहाल ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप में सलाहकार हैं। यह कंपनी ट्रम्प के सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल को चलाती है।

ट्रम्प ने शुक्रवार को उनकी नियुक्ति का ऐलान करते हुए कहा कि वह उनकी बहुत वफादार हैं और उनका रिकॉर्ड बेदाग है। केटी जकारिया से पहले लगातार 6 महिलाएं इस पद की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। आखिरी पुरुष प्रेस सेक्रेटरी शॉन स्पाइसर थे, जिन्होंने 2017 में ट्रम्प के पहले कार्यकाल की शुरूआत में यह पद संभाला था। 42 साल की केटी जकारिया कैलिफोर्निया से हैं और उनके चार बच्चे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प ने जकारिया को टीवी पर देखने के बाद पसंद किया।

होर्मुज में तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया, जहाज में आग लगी

अमेरिका बोला- ईरान समुद्री रास्तों पर मौजूदगी बनाए रखना चाहता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया।

रॉयटर्स के मुताबिक, 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच होर्मुज स्ट्रेट के आसपास तेल, लिक्विफाइड नेचुरल गैस और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस ले जाने वाले टैंकरों से जुड़ी 13 घटनाएं हुईं।

ईरान ने आरोप लगाया कि जहाज ने अपने नेविगेशन और लोकेशन सिस्टम बंद कर रखे थे



और प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था।

ईरान ने आरोप लगाया कि जहाज ने अपने नेविगेशन और लोकेशन सिस्टम बंद कर रखे थे और प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था।

अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाले जॉइंट मैरीटाइम इन्फॉर्मेशन सेंटर ने रविवार को कहा कि होर्मुज में ऐसी गतिविधियां जारी हैं।

उन्होंने कहा, 'इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।'

भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था। इसी दौरान उस पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। जहाज पर कुल 19 लोग सवार थे। इनमें 17 भारतीय नागरिक थे। ओमानी अधिकारियों की मदद से घायलों को निकालकर ओमान के खासाब में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई।

खाड़ी क्षेत्र में 4,500 से ज्यादा भारतीय नाविक

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 29 सितंबर को बताया था कि फारस की खाड़ी और आसपास के इलाके में अलग-अलग कमर्शियल जहाजों पर 4,500 से ज्यादा भारतीय नाविक काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया था कि होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में 6 भारत-झंडे वाले कमर्शियल जहाज मौजूद हैं। इसके अलावा 6 विदेशी झंडे वाले जहाज भी भारत के लिए सामान लेकर चल रहे हैं। इन 12 जहाजों पर करीब 163 भारतीय नाविक सवार हैं। जायसवाल के मुताबिक, भारत का शिपिंग मंत्रालय इन जहाजों की आवाजाही पर नजर रख रहा है। भारतीय दूतावासों और स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर नाविकों की सुरक्षा और उनकी स्थिति की निगरानी की जा रही है। जरूरत पड़ने पर भारतीय मिशन उनकी मदद के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भी भारत ने उठाया था मुद्दा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र में कमर्शियल जहाजों और नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट, रेड सी और ब्लैक सी में जहाजों और नाविकों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

■ वर्ष-12 अंक-338 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।

भावार्थ : जो व्यक्ति बड़ों का सम्मान करता है और नियमित रूप से बड़ों की सेवा करता है, उसकी आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति में चार चीजें बढ़ती हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 11 अक्टूबर, 2026

न्यायालयस्य समक्षं एकः निर्णायकः पक्षः अस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

विशेषप्रशिक्षणरूपरेखायाः निमार्णे बलं दत्तम् अस्ति। उद्देश्यं छात्रान् निर्धारितशैक्षणिकस्तरं यावत् आनयितुं भवति, येन तेषां व्यावसायिकसज्जतायां संस्थागतविवादानाम् प्रभावः न्यूनीकरोति। मान्यताप्रक्रियानिर्धारणे छात्राणां भूमिका नासीत्। फलतः, नियामकविवादाः छात्राणां शिक्षां भविष्यं च प्रत्यक्षतया प्रतिकूलरूपेण न प्रभावितं कुर्वन्ति इति सुनिश्चित्य प्राधिकारिणां महत्त्वपूर्णं दायित्वं वर्तते। अगला सुनवायी परिषदः शपथपत्रे निहितं भवति उच्चन्यायालयेन मध्यप्रदेशस्य नर्सिंग् नियामकपरिषदः १० दिवसेषु प्रतिक्रिया दाखिला कर्तुं निर्देशः दत्तः। परिषदः उत्तरेण अनेकेषां प्रमुखविषयाणां दिशा स्पष्टा भवितुम् अर्हति।

राशिफल

मेष : विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं, जो लाभदायक रहेगी। आज आपको तारीफ भी मिल सकती है।

वृषभ : जीवन में संतुलन बनाए रखें। इन्वेस्टमेंट को लेकर स्ट्रेटजी बनाने पर ध्यान दें। आज हेल्थ से जुड़ी प्रॉब्लम हो सकती है।

मिथुन : आप अच्छे मुनाफे की भी उम्मीद कर सकते हैं। आर्थिक रूप से यह एक अच्छा दिन है।

कर्क : धैर्य रखने की कोशिश करें और कठोर शब्दों का प्रयोग न करें। खर्च को इस वक्त कंट्रोल करने की जरूरत है।

सिंह : आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार आपसे उम्मीद कर सकता है कि आप उन्हें किसी करीबी से मिलवाने ले जाएं।

कन्या : वित्त का समझदारी से प्रबंधन करें और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। पार्टनर से सलाह लें। खुलकर बात करें।

तुला : लाइफ में प्रॉब्लम आना नॉर्मल है। धन का मामला उम्मीद से कम रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

वृश्चिक : हेल्थ आज अच्छी रहेगी। दिन की शुरूआत में अपने करियर को लेकर आप स्ट्रगल करेंगे।

धनु : रोमांचक समय के लिए तैयार रहें। आय में वृद्धि होगी। आज के दिन अपनी लव लाइफ में भी कूल बिहेवीयर बनाए रखें।

मकर : आज आपके सभी काम पूरे होंगे। दूसरी ओर, आपको अपने रिश्ते में रोमांस बनाए रखने की जरूरत है।

कुंभ : सोच-समझकर प्लानिंग के डिसीजन लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन बाहर का या बहुत तला-भुना खाना कम करें।

मीन : मानसिक दबाव ज्यादा महसूस हो तो खुद को थोड़ा समय दें। व्यापारिक स्थिति अच्छी होगी।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पणः किं करिष्यति।।

भावार्थ : जिस व्यक्ति के पास अपनी (प्रज्ञा) अंतरात्मा नहीं है, उसके शास्त्रों का क्या फायदा, जैसे कि दर्पण अंधे व्यक्ति के लिए बेकार है।

सम्पादकीयम्

भागवतस्य प्रदर्शनं कृत्वा अयं कार्यक्रमः

अन्येषां विसर्जनस्य आदतिः संवादस्य मार्गं अवरुद्धं करोति। अवश्यं स्मर्तव्यं यत् मानवस्य गौरवः प्रत्येकस्मिन् परिस्थितौ समानः एव तिष्ठति। यदि एतत् स्वीकृतं भवति तर्हि बहवः विग्रहाः निवारयितुं शक्यन्ते। प्रवासिनः कृते सन्देशः : भारतीयप्रवासीभ्यः प्रसारितः 'कर्मभूमिः' (कर्मभूमिः) इति सन्देशः महत्त्वपूर्णः अस्ति, विशेषतः यस्मिन् काले अमेरिकादेशे आप्रवासिनः शङ्कया दृश्यन्ते। ट्रम्प प्रशासनं आप्रवाससननीतिषु निरन्तरं कठिनीकरणं कुर्वन् अस्ति। आप्रवासिनः-विशेषतः च भारतीयमूलस्य जनाः-आधुनिक-अमेरिका-देशस्य आकारे एतादृशी भूमिकां निर्वहन्ति यत् अमेरिकन-देशीयानां अपेक्षया न्यूनं महत्त्वपूर्णं नास्ति तथापि स्वप्नानां साकारीकरणे साहाय्यं कृतवान् देशस्य प्रति प्रतिबद्धता न न्यूनीभवति। वास्तविकपरीक्षा : भागवतस्य प्रदर्शनं कृत्वा अयं कार्यक्रमः विवादे मग्नः आसीत्। न्यूयोर्कस्य जोहरान् ममदानी इत्यनेन अस्य आयोजनस्य विरोधः कृतः। परन्तु लोकतान्त्रिक आदर्शानां विरुद्धं दृश्यानां स्थानं वर्तते इति अवगन्तुं महत्त्वपूर्णम्। कस्यचित् सह असहमतिः अपि तेषां मतं श्रोतव्यम्। किन्तु अमेरिकनप्रजातन्त्रस्य बलस्य कारणेन ममदानी स्वयमेव वर्तमानस्थानं प्राप्तवान्। अन्ततः भागवतेन यत् उक्तं तस्य यथार्थपरीक्षा तस्य व्यावहारिकप्रयोगे एव अस्ति।

मानव वाक आधारित सृष्टि-संधारण के तीन नियम

आत्मबोध के लिये (आत्मबोधाय) - वेदवाणी का कथन है कि यह सब कुछ परमपुरुष परमात्मा का प्रकटरूप है- पुरुष एवेदं सर्वम्। (ऋग्वेद १०.९०.२) तथा कठोपनिषद् में आया श्रुतिकथन है कि- वे परमपुरुष सदैव ही सब मनुष्यों के हृदयदेश में अन्तरात्मा रूप में निवास करने (सम्प्रविष्ट अवस्था को अपनाने) वाले हैं- अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः। (कठ.उप. २.३.१७; व श्वेता.उप. ३.१३) सब मनुष्यों (स्त्री-पुरुषों) के हृदयदेश में स्थित वे अङ्गुष्ठमात्र पुरुष ही भूत और भविष्य का शासन करने वाले हैं- ईशानो भूतभव्यस्य। (कठ.उप. २.१.१२) तथा ऐतरेय श्रुति का कथन है कि अन्तरात्मा रूप में सब मनुष्यों (स्त्री-पुरुषों) के देहरूप में निवास करने वाला यह पुरुषरूप आत्मा ही ब्रह्म है, यह इन्द्र है और यही प्रजापति है- एष ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिः। (ऐत.उप. ३.१.३) तथा बृहदारण्यक उपनिषद् में श्रुति द्वारा आरम्भतः यह आत्म-रहस्य प्रकट किया गया है कि- यह मानववाक ही उस परमात्मा का वाक है- वागेवास्य वाक। (बृह.उप. १.१.१)

उपनिषद्वाणी में श्रुति इस मानववाक को ब्रह्म का प्रकटरूप होना कथन करती है- वाग्वै ब्रह्म। (बृह.उप. १.३.२१); वागेति ब्रह्म। (ऐतरेय १.१.२) वाणी को अग्निरूप होना कथन करती है- वाचोऽग्निः (ऐत.उप. १.१.४) इस मानव वाक को अग्नि की भाँति लपटयुक्त अर्थात् विनाशक होना कथन करती है- वागर्चिः (बृह.उप. ६.२.१२) तथा वाक के नियमनकर्ता स्वरूप को प्रकट करते हुए वागेन्द्रिय को वसिष्ठ कहती है- अहं वसिष्ठास्मि (बृह.उप. ६.१.१४) वाक को ही मार्गदर्शक रूप में अत्रि कथन करती है- वागेवात्रिः (बृह.उप. २.२.४) तथा देहस्थ अक्षरपुरुष को अपनाकर कथन करती है कि- हे गार्गी! इस अक्षर (देहस्थ अङ्गुष्ठमात्र पुरुष) के ही प्रशासन में सूर्य और चन्द्रमा, द्युलोक और पृथिवी, निमेष, मुहूर्त, दिन-रात, अर्धमास (पक्ष), मास, ऋतु, और संवत्सर विशेष रूपसे धारण किये स्थित रहते हैं। पूर्ववाहिनी एवं अन्य नदियाँ श्वेत पर्वतों से बहती है तथा अन्य पश्चिमवाहिनी नदियाँ जिस-जिस दिशा को बहने लगती है, उसी का अनुसरण करती रहती हैं और इस अक्षर के प्रशासन में ही मनुष्य दाता की प्रशंसा करते हैं तथा देवगण यजमान का और पितृगण दवीहौम का अनुवर्तन करते है-

अक्षरस्य प्रशासने गार्गि ददतो मनुष्याः प्रशंसन्ति यजमानं देवा दर्वी पितरोऽन्वायत्ताः। (बृह.उप. ३.८.९)

तथा वेदान्त दर्शन (ब्रह्मसूत्र) में आया सूत्र-वाक्य है कि- अक्षरपुरुष सकल जगत् को धारण करता है और वह इस सबका प्रशासन (संचालन) करनेवाला है- अक्षरमम्बरान्तधृतेः। सा च प्रशासनात्। (वेदान्त दर्शन १.३.१०-११)

अतः मनीषी ब्रह्मविद् ऋषियों द्वारा लोक व्यवहार में मानव वाक के शब्दब्रह्म स्वरूप- वाग्वै ब्रह्म और अग्निस्वरूप- वाचोग्निः पर आधारित सृष्टि-संधारण के तीन नियम निम्नानुसार होना जाने गये और श्रुतिकथन में अपनाए गये हैं । तदनुसार-

१. किसी एक बात को केवल एक बार कहना- तड़ित-विद्युत की चमक की भाँति उस एक बात को ग्रा अवस्था में प्रकट् करना होता है।

२. उसी एक बात को यथारूप दो बार कहना - किये गये कथन की सत्यता को स्वयं पुष्ट करना होता है।

३. उसी एक बात को यथारूप तीन बार कहना - किये गये कथन की सत्यता को स्वयं प्रमाणित करना और किये गये कथन की अटल-स्थिर अवस्था को प्रकट् करना होता है।

अतः कठोपनिषद् में आया श्रुतिकथन - द्वितीयं तृतीयं त्ं होवाच मृत्यवे त्वा ददामिति। (कठ.उप. १.१.४) अर्थात्- उस नचिकेता ने दूसरी और तीसरी बार उसी एक बात को, अपने पिता को कहा, तब पिताने उस नचिकेता से कहा- मैं तुम्हें मृत्यु को देता हूँ। सृष्टि-संधारण के इन उपर्युक्त नियमों का अनुपालन किया जाना प्रकट करता है।

स्मरणीय है कि श्रुति अग्नि को जातवेद कहती है। स्थूल अग्नि को किसी तरह जातवेद कहा अथवा जाना जा सकता नहीं। अतः अग्नि का यह जातवेद गुण-लक्षण इस मानव वाक में पाया जाता है। कोई पुरुष जानकारी के आधार पर अपनी सत्य वाणी को बोलता है तथा झूठ बोलने पर वह पूर्वतः वाणी की असत्यता को जानता है। किसी व्यक्ति की वक्तृता या सद्विचारों को सुनकर जब हम यह कहते हैं कि पुनः कहिये? तो वह व्यक्ति अपनी बात को दूसरी या तीसरी बार कहकर भलीभाँति स्पष्ट कर देता है। किन्तु यदि किसी व्यक्ति के अपशब्द को सुनकर, प्रतिकार के भाव से जब कोई यह कहता है कि दुबारा कहकर बतलाईये? तो वह बोलने वाला पुरुष सहम जाता है और मौन को अपनाता लेता है या अशिष्टता को अपनाकर मार खाने या झगड़ने के लिये अपना परिचय देने लगता है ।

अथ स्पष्ट है कि- वेदवाणी और उपनिषद् वाणी में दो बार आये श्रुतिकथन-

१. असङ्गो ं पुरुष। (बृह.उप. ४.३.१५ व ४.३.१६) अर्थात्- यह पुरुष असङ्ग है।

२. आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। (बृह.उप. २.४.५ व ४.५.६) अर्थात्- यह आत्मा ही दर्शनीय, श्रवणीय, मननीय और नित्य-आचरण में अपनाया जाने योग्य है ।

३. मृत्योः स मृत्युं गच्छति य इह नानेव पश्यति। (कठ.उप. २.१.१० व ११) अर्थात् - जो कोई इस जगत् में नाना की भाँति देखता है अर्थात् परस्पर समत्व का भाव न अपनाकर उँच-नीच अपनाता है वह मरणधर्मा मनुष्य पुनः मृत्यु की ओर जाता अर्थात् पुनर्जन्म को प्राप्त करता है। (कृपया स्मरण करें- समत्वं योग उच्यते (गीता २.४८) अर्थात् - परस्पर समता का भाव अपना लेना ही योग कहा जाता है ।)

पुनर्मूल्यांकनस्य

आग्रहेण अपि राहतं न प्राप्तम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

छात्रः शरीररचनाशास्त्रस्य उत्तरपत्रस्य पुनर्मूल्यांकनं अपि याचितवान् आसीत्, तस्य पार्श्वे अनुग्रहचिह्नस्य पुरस्कारस्य अनुरोधः अपि कृतः आसीत्। परन्तु प्रयोज्यनियमानाम्, प्रस्तुततथ्यानां च विचारं कृत्वा न्यायालयः याचिकाकर्तानां याचितं राहतं दातुं न अस्वीकृतवान्। न्यायालयस्य आदेशस्य पृष्ठतः मूलतर्कः आसीत यत् परीक्षापरिणामेषु बाधां कर्तुं वा अतिरिक्ताङ्कप्रदानार्थं स्पष्टनियमानां वा वैधानिक आधारस्य वा आवश्यकता भवति। छात्रः एकेन अङ्केन असफलः इति केवलं विश्वविद्यालयस्य मूल्याङ्कनप्रक्रियायां परिवर्तनं कर्तुं स्वतः पर्याप्तं आधारं न भवति। विश्वविद्यालयं नियमविरुद्धं कार्यं कर्तुं आदेशं दातुं न शक्यते सुनवायीकाले उच्चन्यायालयेन विश्वविद्यालयः निर्धारितनियमसमूहस्य अन्तर्गतं स्वस्य परीक्षामूल्यांकनप्रक्रियाः चालयति इति बोधितम्। न्यायालयः तदा एव हस्तक्षेपं कर्तुं शक्नोति यदा नियमानाम् उल्लङ्घनं वा स्पष्टः कानूनीदोषः वा भवति। यत्र नियमेषु अनुग्रहचिह्नप्रदानस्य व्यवस्था नास्ति तत्र न्यायालयः स्वयमेव एतादृशं प्रावधानं निमार्तुम् न शक्नोति। अस्य आधारेण विभागपीठेन उक्तं यत्...छात्रस्य उत्तीर्णतां प्राप्तुं विश्वविद्यालयं एकं अंकं दातुं निर्देशयितुं न शक्यते। फलतः छात्रस्य अनुरोधः कस्यापि समर्थननियमस्य अभावात् अङ्गीकृत।

रणजी ट्रॉफी के 92वें सीजन में 38 टीमें 138 मैच खेलेंगी, मुंबई 42 बार की चैंपियन

दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी आज से शुरू होगा। 1934-35 में शुरू हुई इस चैंपियनशिप का यह 92वां सीजन है। इसमें 38 टीमें खिताब के लिए उतरेंगी। 138 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के इतिहास में मुंबई ने सबसे ज्यादा 42 बार खिताब जीता है।

रणजी ट्रॉफी टीम इंडिया में जगह बनाने का अहम मंच रही है। इस सीजन यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, सरफराज खान और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी नजरें रहेंगी।

रणजी ट्रॉफी कब और क्यों शुरू हुई- जुलाई 1934 में बीसीसीआई ने देश में प्रथम श्रेणी क्रिकेट कराने का विचार रखा। तब इसका नाम क्रिकेट चैंपियनशिप ऑफ इंडिया था। पहले सीजन में 15 टीमों ने हिस्सा लिया। पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह ने ट्रॉफी दान की थी। पहला मैच मद्रास और मैसूर के बीच चेपॉक में खेला गया। बॉम्बे इस सीजन का चैंपियन बना। बाद में टूर्नामेंट का नाम नवानगर के राजपरिवार से जुड़े कुमार श्री रणजीत सिंह के नाम पर रखा गया। रणजी के नाम से मशहूर रणजीत ने 1896 से 1902 के बीच इंग्लैंड के लिए 15 टेस्ट खेले। उन्होंने भारत की बजाय इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया, क्योंकि उस समय भारत की अपनी टेस्ट टीम नहीं थी।

क्या रणजी ट्रॉफी भारत का पहला क्रिकेट टूर्नामेंट था- नहीं। 1892 में यूरोपियन और पारसी टीमों के बीच बॉम्बे प्रेसीडेंसी मैच खेला गया था। बाद में यह टूर्नामेंट बॉम्बे ट्रायएंगुलर, क्वाड्रैंगुलर और फिर पेंटांगुलर के रूप में आगे बढ़ा। इसमें हिंदू, मुस्लिम और द रेस्ट जैसी टीमें भी शामिल हुईं। यह टूर्नामेंट 1946 तक चला।

मुंबई के नाम सबसे ज्यादा खिताब, जम्मू-कश्मीर डिफेंडिंग चैंपियन- मुंबई ने 42 बार खिताब जीता है। लगातार 15 सीजन चैंपियन बनने का रिकॉर्ड भी मुंबई के नाम है। कर्नाटक 8 खिताब के साथ दूसरे और दिल्ली 7 खिताब के तीसरे नंबर पर है। वैसे पिछले सीजन की सबसे बड़ी कहानी जम्मू-कश्मीर की रही। 1959-60 से टूर्नामेंट में खेल रही टीम 67 साल बाद चैंपियन बनी।

2026-27 में कितनी टीमें और कैसा होगा फॉर्मेट- यह सीजन 11 अक्टूबर 2026 से 3 मार्च 2027 तक खेला जाएगा। 38 टीमों को एलीट और प्लेट डिवीजन में बांटा गया है। एलीट में 32 टीमें चार ग्रुप में होंगी। प्लेट में 6 टीमें खेलेंगी। एलीट में हर टीम अपने ग्रुप की बाकी सात टीमों से भिड़ेगी। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल होगा। प्लेट डिवीजन की 6 टीमें आपस में खेलेंगी और फाइनल से विजेता तय होगा। टूर्नामेंट दो स्टेज में खेला जाएगा। पहला अक्टूबर-नवंबर में होगा। इसमें 19 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी और विजय हजारे वनडे ट्रॉफी खेली जाएंगी। रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण जनवरी 2027 में शुरू होगा।

रणजी मैच कितने दिन का होता है- यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट का टूर्नामेंट है। इसके लीग मैच चार दिन के होते हैं। नॉकआउट मुकाबले पांच दिन के खेले जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट की तरह दोनों टीमों को दो-दो पारियां खेलने का मौका मिलता है। वैसे नॉकआउट मैच में तय समय तक नतीजा नहीं निकलने पर पहली पारी की बढ़त निर्णायक हो सकती है।

रणजी ट्रॉफी में खेलने पर कितने पैसे मिलते हैं- बीसीसीआई फीस स्ट्रक्चर के मुताबिक, रणजी ट्रॉफी में खिलाड़ियों को उनके प्रथम श्रेणी मैचों के अनुभव और प्लेइंग इलेवन या रिजर्व में होने के आधार पर मैच फीस मिलती है। चार दिन के लीग मैच में कोई प्लेयर 2.4 लाख तक कमा सकता है। टूर्नामेंट में अंपायरों को पैसे उनके ग्रेड के हिसाब से दिया जाता है। इन्हें ए, बी, सी और डी में बांटा गया है। पहले घरेलू मुकाबलों में टॉप लेवल के अंपायरों को 40,000 और अन्य लेवल के अंपायरों को 30,000 प्रतिदिन मिलते थे।

क्या रणजी ट्रॉफी के टिकट खरीदने पड़ते हैं- टूर्नामेंट का मैच देखने के लिए हर बार टिकट खरीदना जरूरी नहीं है। कई घरेलू मुकाबलों में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलता है। यह व्यवस्था मेजबान राज्य क्रिकेट संघ और स्टेडियम के नियमों पर निर्भर करती है।

भारत-वेस्टइंडीज तीसरा टी-20 आज इंदौर में

पिछले 2 मैच में 72 ओवर में 844 रन बने, इंदौर में भी बड़े स्कोर की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



भारत और वेस्टइंडीज का तीसरा टी-20 मैच आज इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। इसके पहले के दोनों मैचों में 72.2 ओवर का खेल हुआ। इसमें कुल 844 रन बने। ऐसे में इंदौर में भी बड़े स्कोर की उम्मीद है। भारत ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इसी मैदान पर टी-20 में 260 रन बनाए थे।

भारत ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज के 172 रन का टारगेट 14.4 ओवर में चेज किया था। वहीं दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज ने 250 रन का टारगेट 9 गेंद रहते हासिल कर लिया।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 33 टी-20 मैच खेल गए- भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 33 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। भारत ने 21 मुकाबले जीते हैं, जबकि वेस्टइंडीज को 11 में जीत मिली है। एक मैच बेनतीजा रहा है।

श्रेयस अय्यर ने पहले मैच में 102 रन की पारी खेली- भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस सीरीज में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 2 मैचों में 142 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 232.78 रहा है। पहले मैच में उन्होंने नाबाद 102 रन बनाए थे। गेंदबाजी में मयंक यादव भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 2 मैचों में 4 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले मैच में 3 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

होप सीरीज के टॉप रन स्कोरर

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 2 मैचों में 154 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 187.80 रहा। होप ने पिछले मैच में नाबाद 102 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। उनके अलाना शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 37 गेंद पर 84 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में रोस्टन चेज ने 2 मैचों में 4 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले मैच में 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

बल्लेबाजों के लिए मददगार पिच

इंदौर का होल्कर स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए मुफीद माना जाता है। यहां छोटी बाउंड्री के कारण चौके-छक्के आसानी से लगते हैं। पिछले 3 वनडे मैचों में यहां 399, 385 और 337 रन के स्कोर बने हैं।

वैभव सूर्यवंशी में मेरी सोच दिखती है : सहवाग


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी में उन्हें अपनी बेखौफ बल्लेबाजी की झलक दिखती है। सहवाग ने कहा- सूर्यवंशी पहली गेंद से ही शॉट लगाना चाहते हैं। दिल्ली में शनिवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र में सहवाग ने सूर्यवंशी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलने का मौका मिलने पर सूर्यवंशी उसका पूरा फायदा उठा सकते हैं। सहवाग ने यह भी कहा कि भारतीय क्रिकेट में उनकी जगह उम्र से नहीं, प्रदर्शन से तय होनी चाहिए। सहवाग ने सूर्यवंशी की उम्र को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उम्र की सीमा केवल उम्र-आधारित प्रतियोगिताओं में मायने रखती है। अगर आप किसी उम्र-आधारित प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, तो यह बात सही है। अगर अंडर-19 है, तो आपकी उम्र 19 साल से कम होनी चाहिए। सूर्यवंशी ने जुलाई 2026 में इंग्लैंड के खिलाफ सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया।

ज्योतिष/वास्तु

मंगल के नक्षत्र में राहु की एंट्री

3 राशि वालों की खुलेगी किस्मत नौकरी-परीक्षा में होंगे सफल



राहु मंगल के नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। दोनों ग्रहों की ऊर्जा का यह अनोखा संयोग कुछ राशि वालों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान जातकों के साहस और पराक्रम में वृद्धि हो सकती है।

ज्योतिष में राशि परिवर्तन के साथ-साथ ग्रहों का नक्षत्र परिवर्तन भी खास माना जाता है। इसका सीधा प्रभाव जातकों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। खासतौर पर राहु और केतु जैसे छाया ग्रहों की चाल का जातकों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिषियों की मानें तो हाल ही में राहु ने अपना नक्षत्र चरण परिवर्तन किया है। 3 अक्तूबर 2026 को राहु धनिष्ठा नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे एक अनोखा संयोग बना है। बता दें कि, राहु का यह नक्षत्र परिवर्तन बेहद प्रभावशाली माना जा रहा है, क्योंकि धनिष्ठा नक्षत्र के स्वामी मंगल हैं। ऐसे में राहु और मंगल की ऊर्जा का यह संयोग कुछ राशि वालों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान जातकों के साहस और पराक्रम में वृद्धि हो सकती है। साथ ही, जीवन में कई बड़े और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए यह समय मान-सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी ऊर्जा में सकारात्मकता बढ़ने की अधिक संभावनाएं हैं। समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि पहले से बेहतर हो सकती है। इसके अलावा धन प्राप्ति और यात्रा के योग बनेंगे। इस समय अलग-अलग क्षेत्रों से लाभ अर्जित करने के नए अवसर मिल सकते हैं। करियरमें किसी भी तरह का आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। कोई बड़ी खुशखबरी व्यापार में आपको मिलेगी।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों को इस दौरान बड़ी सफलता मिल सकती है। इस समय कोई घर खरीदने का सपना पूरा होता दिख रहा है। करियर और कारोबार में विस्तार करने के लिए समय काफी अनुकूल रहेगा। वहीं, नौकरी के सभी प्रयास सफल होंगे। पारिवारिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने के योग हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने के अवसर भी मिलेंगे। कारोबार में रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। जिन लोगों का मामला कोर्ट-कचहरी में चल रहा है उनको इसमें राहत मिलने की उम्मीद हैं।

कुंभ राशि- कुंभ राशि वालों के लिए राहु का यह नक्षत्र परिवर्तन कई अच्छे अवसर लेकर आ सकता है। नए लोगों से जुड़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और इन संपर्कों के जरिए आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं। धन से जुड़े मामलों में आपको अच्छा फायदा हो सकता है। आपके अटके हुए कार्य जल्द से जल्द पूरे होंगे। करियर और कारोबार में आपको अपने संपर्कों का पूरा लाभ मिल सकता है। वहीं, निवेश से जुड़े मामलों में भी आपको सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं।

खबर एक नजर...

पुलिस कप्तान ने प्रधान आरक्षक को दिया नगद इनाम

उज्जैन। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने पर पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने महाकाल थाना प्रधान आरक्षक मनीष यादव को 5 हजार के नगद इनाम से पुरूस्कृत किया। बताया जा रहा है कि लंबित शिकायतों में एक 1556 दिन पुरानी थी। उक्त शिकायत के निराकरण के लिये कई अधिकारियों द्वारा प्रयास किया गया, लेकिन शिकायतकर्ता को संतुष्ट नहीं कर पाये थे। प्रधान आरक्षक मनीष यादव ने मामले को समझा और शिकायत करने वाले से चर्चा कर उसे पूरी तरह से संतुष्ट किया। साढ़े चार साल से लंबित शिकायत का प्रधान आरक्षक द्वारा निराकरण करने की खबर पुलिस कप्तान को पता चली तो उन्होने 5 हजार के नगद इनाम से पुरूस्कृत किया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि प्रधान आरक्षक द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कई शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर उनकी समस्या का समाधान करते हुये काय्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है।



बाइक सवार के पास थैले में भरी मिली अवैध शराब



उज्जैन। सर्कल भ्रमण पर निकली नरवर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मुंजाखेड़ी-पिपलोदा द्वारकाधीश मार्ग पर बाइक सवार युवक अवैध शराब लेकर आया है, वह किसी को देने के लिये इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई एएसआई रोहित टीम के साथ घेराबंदी करने पहुंचे। युवक ने पुलिस को देख बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पीछा कर पकड़ लिया गया। उसकी बाइक पर 2 थैले रखी थे। जिनकी तलाशी लेने पर उसमें भरे देशी शराब के 305 क्वार्टर बरामद हो गये। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि युवक ने पूछताछ में अपना नाम रोहित पिता जुगलदास 28 वर्ष निवासी शिखरजीधाम विकास नगर थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला देवास बताया। शराब देवास से लेकर आना कबूल किया और बिना दस्तावेज की होना बताई। मामला अवैध शराब से जुड़ा होने पर आरोपी युवक की बाइक जप्त कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त शराब 28 हजार के लगभग और बाइक 50 हजार कीमत की है।

साइबर ठगों ने ग्रामीण के खाते से निकाले 1.31 लाख

उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरिया रेहवारी में रहने वाले सतीश पिता कमल परमार के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड करते हुये खाते से 1.31 लाख से अधिक रुपए निकाल लिये। सतीश का खाते से रुपए निकलने पता चला तो उसने बैंक ऑफ बडौदा पहुंचकर जानकारी जुटाई। इस दौरान सामने आया कि क्रेडिट कार्ड से रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर भी बदल दिया गया है और अन्य मोबाइल नम्बर दर्ज कर दिया गया है। सतीश ने नरवर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बिना अनुमति के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी की गई है। उसने किसी को ना तो ओटीपी बताया ना ही किसी से कोई लेनदेन किया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। बैंक से जानकारी जुटाकर बदले गये मोबाइल नम्बर के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले का पता लगाया जायेगा।

हफ्ता नहीं देने पर 4 मजदूरों के साथ मारपीट

उज्जैन। माकडोन के ग्राम पाट में पाइप लाइन डालने की मजदूरी करने आये संतोष पिता झल्लू पटेल 40 साल निवासी दमोह, रोशन पिता संतोष पटेल 16 साल, गणेश पिता तोलाराम पटेल 21 साल और पवन पिता रामकिशन पटेल निवासी गढाकोटा सागर के साथ रात में गांव के नरेन्द्र पटेल, हरेन्द्र पटेल और तीन चार अन्यों ने हफ्ता वसूली की मांग करते हुये रुपए मांगे। मजदूरों ने मना किया तो सभी ने बेल्ट, लात घूंसों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। माकडोन पुलिस ने 2 नामजद और अन्यों के खिलाफ हफ्ता वसूली, मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

घर के बाहर टहल रहे युवक को ट्रैक्टर ने कुचला

उज्जैन। नागदा की इंद्राकलोनी में रहने वाला मुज्जफर पिता हुसैन शाह 27 साल घर के बाहर रात को आटा चक्की के सामने टहल रहा था। उसी दौरान तेजगति से आये ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 13 एसी 7391 ने कुचल दिया। मुज्जफर के घायल होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

स्वामित्व योजना में पंगा लेना भारी पडा,खुली पुरानी फाईलें

रिश्वत के मामलों में अभियोजन स्वीकृति, तीन पटवारी निलंबित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रतलाम। स्वामित्व योजना में सरकार और जिलों में कलेक्टरों से पंगा लेना पटवारियों को भारी पडा है। लोकायुक्त के मामलों में पत्रों के कई दिनों बाद भी जो पटवारी निलंबित नहीं किए गए थे उनकी भी फाईलें खुल गई और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। रतलाम कलेक्टर अजय कटेसरिया ने रिश्वत मांगने के ऐसे ही तीन मामलों में पटवारियों को निलंबित किया है।

लोकायुक्त उज्जैन के आरोपों से संबंधित तीन अलग-अलग प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति जारी करने के बाद तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इनमें पटवारी रमेश बैरागी, प्रभुकुमार गरवाल एवं प्रवीण कुमार जैन शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस उज्जैन द्वारा ट्रैप की कार्रवाई कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश में तीनों प्रकरणों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में संबंधित पटवारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्रकरणों में आरोपों पर अंतिम निर्णय सक्षम न्यायालय द्वारा किया जाएगा।

सीमांकन रिपोर्ट के एवज में रिश्वत का आरोप

पटवारी हल्का क्रमांक 05, ग्राम पंचेड़, टप्पा नामली, तहसील रतलाम ग्रामीण में पदस्थ पटवारी रमेश बैरागी के विरुद्ध ग्राम पंचेड़ निवासी गोपाल उपाध्याय ने शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार, भूमि सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं संबंधित शासकीय कार्य के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। 40 हजार रुपये रिश्वत के रूप में प्राप्त करने की शिकायत थी। शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस उज्जैन ने ट्रैप की कार्रवाई कर अपराध दर्ज किया था।

सीमांकन एवं पंचनामा देने के लिए राशि मांगने का आरोप

पटवारी हल्का क्रमांक 24, ग्राम किटखेड़ी, तहसील ताल में पदस्थ प्रभुकुमार गरवाल के विरुद्ध तहसील ताल निवासी किशनलाल आंजना ने शिकायत प्रस्तुत की थी। आरोप है कि उनके पिता की भूमि के सीमांकन की रिपोर्ट एवं पंचनामा उपलब्ध कराने तथा संबंधित शासकीय कार्य के एवज में श्री गरवाल ने 4 हजार रुपये की मांग की। लोकायुक्त पुलिस उज्जैन ने 14 मई 2025 को ट्रैप की कार्रवाई कर अपराध पंजीबद्ध किया था।

भूमि डायवर्जन की कार्रवाई के एवज में रिश्वत का आरोप

पटवारी हल्का क्रमांक 28, ग्राम खेड़ाखेड़ी, तहसील जावरा में पदस्थ पटवारी प्रवीण कुमार जैन के विरुद्ध जावरा निवासी श्रीमती श्यामु बाई बलाई ने लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार, ग्राम बामनखेड़ी स्थित भूमि के डायवर्जन संबंधी कार्रवाई के लिए संपर्क करने पर 6 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इस शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस उज्जैन द्वारा ट्रैप की कार्रवाई कर अपराध दर्ज किया गया था।

नवरात्रि में महिला सुरक्षा को लेकर तैनात रहेगी शक्ति स्क्वाड

डायल 112 का गूंजा सायरन, सवार थी महिला पुलिसकर्मी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्री में महिला-युवतियों की सुरक्षा को लेकर शहरभर की महिला पुलिसकर्मियों की शक्ति स्क्वाड़ का गठन कर दिया गया है। शनिवार शाम शहर के मार्गो पर डायल 112 का सायरन गूंजा, जिसमें महिला पुलिसकर्मी सवार थी। संदेश दिया गया कि महिला-युवतियों से छेड़छाड़ करना अब भारी पड़ सकता है। शक्ति स्क्वाड ऐसा करने वालों को सबक सिखाएगी।

पुलिस कंट्रोलरूम से शाम 6 बजे नवरात्री पर्व के दौरान महिला सुरक्षा और सहायता को लेकर शक्ति स्क्वाड रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर की महिला पुलिसकर्मियों को डायल 112 के साथ दोपहिया वाहनों पर सवार होकर शहर के मार्गो पर निकली। शक्ति स्क्वाड रैली को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने संबोधित करने के साथ दिशा-निर्देश जारी कर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि नवरात्री में महिला सुरक्षा को लेकर महिला पुलिसकर्मियों की स्क्वाड टीम गठित की गई है, जिसे शक्ति नाम दिया गया है। प्रतिदिन शाम ढलने के बाद स्क्वाड़ एक्शन में आ जायेगी और गरबा स्थलों के आसपास तैनात रहेगी। महिला-युवतियों के साथ होने वाली कमेंट्सबाजी और छेड़छाड़ की घटना पर टीम तुरंत एक्शन लेगी और युवकों को सबक सिखाएगी।

रात 2 बजे तक तैनात रहेगी टीमें- पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि गठित की गई शहर के अलग-अगल स्थानों पर आयोजित होने वाले गरबा स्थलों पर रात 2 बजे तक तैनात रहेगी। इस दौरान किसी महिला को किसी भी प्रकार की जरूरत होगी टीम द्वारा सहयोग किया जायेगा। जरूतर पढ़ने पर संबंधित थाना पुलिस का बल भी शक्ति स्क्वाड की मदद के लिये पहुंचेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले 2 सालों से इस तरह की व्यवस्था की शुरूआत की गई है। पिछले साल मुख्यमंत्री द्वारा भी महिला पुलिसकर्मियों की सराहना की गई थी।

हिन्दूवादी संगठन भी उतरेगा मैदान में- नवरात्री के दौरान होने वाले गरबों के दौरान असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और पेड गरबा आयोजनों के साथ फूहडता को रोकने के लिये हिन्दूवादी संगठन भी मैदान में उतरेगा। पूर्व में संगठन के पदाधिकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर मांग कर चुके है कि पेड गरबों का आयोजन रोका जाये। धार्मिक संस्कृति के अनुरूप ही गरबों का आयोजन हो।



देवी मंदिरों में रहेगी भी रहेगी ड्युटी

धार्मिक नगरी के अतिप्राचीन देवी मंदिरों में भी सुबह-शाम महिला पुलिसकर्मियों की ड्युटी लगाई है। थाना पुलिस के साथ महिला स्तर की अधिकारी मंदिरों में सुरक्षा-व्यवस्था की कमान संभालेगी। मंदिरों के आसपास आवागमन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये यातायात पुलिस की टीम को अलर्ट किया गया है। नवरात्री का पर्व शांति, सौहार्द और बिना किसी विघ्न के संपंन्न हो इसकी पूरी तैयारी पुलिस प्रशासन द्वारा कर ली गई है।

शनि देव को तेल, नारियल चढाया श्रद्धालुओं ने पुराने वस्त्र, जूते छोड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार-शनिवार को मध्य रात्रि में इंदौर रोड त्रिवेणी संगम स्थित भगवान नवगृह शनि मंदिर पर न्याय के देवता का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद यहां त्रिवेणी संगम पर स्नान करने पहुंचे और इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री शनिदेव को सरसों तेल के साथ नारियल अर्पित किया। श्रद्धालुओं के अर्पित तेल एवं नारियल की मंदिर समिति बाद में निलामी करेगी।

शनिश्चरी अमावस्या का स्नान देर रात से ही शुरू हो गया था। स्नान के क्रम के प्रथम पक्ष में ही बढी संख्या में त्रिवेणी घाट पर ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने देर रात्रि में ही यहां की गई व्यवस्था के तहत फव्वारों में स्नान किया। इसके बाद घाट पर ही अपने पुराने वस्त्रों को कई श्रद्धालुओं ने त्याग दिया और नए वस्त्र धारण कर भगवान श्री शनिदेव के दर्शन के लिए तेल एवं नारियल लेकर पहुंचे थे। बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को मंदिर प्रबंध समिति ने कतारबद्ध दर्शनों की व्यवस्था की थी। इस व्यवस्था में राजस्व विभाग के पटवारी,कोटवारों सहित पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

त्रिवेणी बैराज खासा भरा- त्रिवेणी संगम पर स्नान की परंपरा को देखते हुए प्रशासन ने शिप्रा में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने नर्मदा का जल छोड़ा था। करीब डेढ़ एमसीएम पानी इस दौरान तीन दिन में उज्जैन के त्रिवेणी के पास के पाइंट से छोड़ा गया था। बैराज में खासा पानी जमा होने की स्थिति में नदी में एसडीआरएफ की टीम ने स्नान के दौरान पूरे समय निगरानी की है।

कपड़े, जूते तत्काल उठे- स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा घाट पर छोड़े जा रहे कपडे एवं जूतों को नगर निगम के सफाई मित्रों की और से तत्काल ही एकत्रित कर एक स्थान पर रखा जा रहा था। इन्हें बाद में वाहनों के माध्यम से थ्री आर की प्रक्रिया के लिए ले जाया गया है। मंदिर प्रबंध समिति के नियमानुसार भगवान श्री शनिदेव पर अर्पित तेल एवं नारियल की निलामी करेगी। इसमें अधिकतम निलामी बोली वालों को तेल एवं नारियल दे दिया जाएगा। निलामी से होने वाली आय मंदिर प्रबंध समिति के खाते में जमा की जाएगी।

शोध से समाज और मानवता को नई दिशा मिलना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शोध की सार्थकता केवल नए निष्कर्ष खोजने में नहीं, बल्कि उनके माध्यम से ज्ञान समाज और मानवता को नई दिशा देने में है। यह बात निर्मला कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी कार्यशाला के समापन अवसर पर उभरकर आई। इस कार्यशाला का आयोजन निर्मला कॉलेज, अवंतिका विश्वविद्यालय, सेंट विंसेंट महाविद्यालय पुणे और निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि अवंतिका विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नितिन राणे ने शोध की बारीकियों, प्रक्रिया और गुणवत्तापूर्ण शोध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धर्म प्रांत के धर्म गुरु आर्चबिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्कल ने ज्ञान और शोध के क्षेत्र में ऐसी कार्यशालाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। रिसोर्स पर्सन डॉ. जोसेफ मैथ्यू एमएसएफएस ने कार्यशाला का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने शोध के माध्यम से समाज को नई दिशा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

दिन-रात के तापमान में 18.3 डिग्री का अंतर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अक्टूबर माह प्रथम सप्ताह बीत चुका है, बावजूद मौसम अब भी मार्च अप्रैल की गर्मी जैसा लग रहा है। दिन का तापमान 36 से 37 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा है। दिन-रात के तापमान में 18.3 डिग्री का अंतर बना हुआ है। अधिकतम तापमान में तेजी बनी होने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है।

इस बार वर्षाकाल में पर्याप्त बारिश नहीं होने और औसत से 10 इंच कम बारिश होने के चलते अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह गुजर जाने के बाद भी मौसम में ठंडक नहीं आई है। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तामपान 36 डिग्री से अधिक दर्ज हो रहा है। दिन में उमस और गर्मी मार्च अप्रैल जैसी महसूस हो रही है। जिसके चलते लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। रात के तापमान 18 से 20 डिग्री के बीच बना हुआ है। सुबह हल्की गुलाबी ठंड लग रही है लेकिन सूर्योदय के साथ ही गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन मौसम का मिजाज नरम गरम बना रहेगा। 20 अक्टूबर बाद मौसम में ठंडक आ सकती है। लेकिन कड़ाके की ठंड के लिये लम्बा इंतजार करना पड़ सकता है।

सर्दी-जुखाम के साथ बुखार के मरीज

दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड बनी होने का असर आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ता दिखाई दे रहा है। दिन में कूलर एसी की हवा और ठंडने पानी के सेवन से सर्दी जुखाम के साथ बुखार के मरीजों की संख्या में बढोतरी देखी जा रही है। सबसे ज्यादा समस्या बुजुर्गो के साथ बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार ऐसे मौसम में बुखार-जुखाम होने पर सलाह के बाद ही उपचार संबंधित दवाओं का उपयोग करें। अपनी मर्जी से दवा का सेवन करना स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है।

सूदखोरों से परेशान ग्रामीण ने जहर खाकर की आत्महत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उधार लिये रूपयों से अधिक लौटाने के बाद भी सूदखोर पैसे देने का दबाव बना रहे थे। ग्रामीण ने परेशान होकर जहर खा लिया था। 2 दिन बाद शनिवार को ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

नरवर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खजूरिया रेहवारी में रहने वाले घनश्याम पिता भागीरथ 50 साल ने 2 दिन पहले ग्राम कडछा में जहर खा लिया था। हालत बिगड़ती देख गांववालों ने परिजनों को सूचना दी थी। पुत्र सोनू पिता को उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार रात घनश्याम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पुत्र ने बताया कि ग्राम लखमनखेड़ी में रहने वाले 2 लोगों से पिता ने कर्ज लिया था। पिता 2 लाख के बदले 3 लाख लौटा चुके थे। उसके बाद भी दोनों रुपए देने का दबाव बना रहे थे। उनकी ओर से पिता को धमकाया जा रहा था। जिसके चलते पिता डिप्रेशन में रहने लगे थे। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मामला नरवर थाना क्षेत्र का है। मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। नरवर पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू करेगी।

इधर पारिवारिक विवाद में खाया जहर- माधवनगर थाना क्षेत्र के जीरो पाइंट ब्रिज पर छोटी मायापुरी में रहने वाले मुकेश पिता जगदीश ने शुक्रवार शाम जहर खा लिया था। परिजनों को सूचना मिली तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मुकेश ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खाया था। पुलिस के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बाद में पत्नी-बच्चों के बयान दर्ज किये जायेगें।

दुर्घटना में घायल की हुई मौत

चार दिन पहले इंदौररोड पर सड़क दुर्घटना में इंगोरिया का रहने वाला 18 वर्षीय दीपेश पिता मुकेश बागवान गंभीर घायल हो गया था। नानाखेड़ा पुलिस ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजन उपचार के लिये प्रायवेट अस्पताल लेकर गये थे। जहां शनिवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दीपेश फल की दुकान लगाता था। नानाखेड़ा पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से दीपेश की बाईक को टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जायेगा।


सूने मकान पर चोरों का धावा, परिवार के जागने पर भागे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बदमाशों ने शुक्रवार-शनिवार रात सूने मकान पर धावा बोला और दरवाजे का सेंटर लॉक तोड़ दिया। परिवार आवाज सुनकर जागा तो बदमाश भाग निकले।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि अलकापुरी में एक मकान पर रात में कुछ बदमाशों ने धावा बोला था। बदमाश दरवाजे का सेंटर लॉक तोड़ रहे थे उसी दौरान आवाज सुनकर पास के मकान में सो रहा परिवार नींद से जाग गया। परिवार के सदस्य बाहर आये तो बदमाश भाग निकले। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मकान समर जादौन का होना सामने आया है, परिवार पास के दूसरे मकान में सोया था। जागने पर बदमाश चोरी में नाकाम रहे। फिलहाल परिवार ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सूचना पर पुलिस पहुंची थी, आसपास लगे कैमरे देखने पर तीन बदमाश दिखाई दिये है। जिनकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com